## PART – I / भाग – I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षा शास्त्र

*Directions : Answer the following questions (Q. Nos. 1 to 30) by selecting the **correct/most appropriate** options.*

**1. Assessment –**

(1) should be done only in terms of marks.

(2) should be based on objective type written tasks.

(3) should be undertaken as a separate activity.

(4) should be a part of the teaching-learning process.

**2. In a constructivist frame, learning is –**

(1) the process of acquisition of knowledge.

(2) a change in behaviour as a result of experience.

(3) active and social in its character.

(4) passive and individualistic.

**3. When teachers have positive beliefs about students and their abilities, the students –**

(1) become demotivated and stressed.

(2) are not affected in any way.

(3) are eager and motivated to learn.

(4) become relaxed and stop putting in any efforts to learn.

**4. Children's errors –**

(1) are a part of learning and give an insight into their thinking.

(2) are insignificant in the teaching-learning process.

(3) reflect how careless children are.

(4) should be immediately corrected by asking them to do repeated practice

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 1 से 30) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे** उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**1. मूल्यांकन को ____**

(1) केवल नम्बरों के संदर्भ में करना चाहिए।

(2) वस्तुनिष्ठ प्रकार के लिखित कार्यों पर आधारित होना चाहिए।

(3) एक अलग गतिविधि के रूप में लेना चाहिए।

(4) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का एक भाग होना चाहिए।

**2. संरचनात्मक दृष्टिकोण के अनुसार, अधिगम ____ है।**

(1) जानकारी के अर्जन की प्रक्रिया

(2) अनुभव के परिणाम के रूप में व्यवहार में एक परिवर्तन होने की प्रक्रिया

(3) एक सक्रिय एवं सामाजिक प्रक्रिया

(4) एक निष्क्रिय एवं व्यक्तिपरक प्रक्रिया

**3. जब शिक्षक को विद्यार्थियों एवं उनकी योग्यताओं के बारे में सकारात्मक विश्वास होता है तब विद्यार्थी –**

(1) का उत्साह भंग हो जाता है तथा वे दबाव में आ जाते हैं।

(2) किसी भी रूप में प्रभावित नहीं होते हैं।

(3) सीखने के लिए उत्सुक एवं प्रेरित रहते हैं।

(4) निश्चिन्त हो जाते हैं तथा सीखने के लिए किसी भी तरह का प्रयास करना बंद कर देते हैं।

**4. बच्चों की गलतियाँ ____**

(1) अधिगम का एक भाग हैं तथा उनके विचारों में एक अंतर्दृष्टि देती हैं।

(2) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में महत्त्वहीन हैं।

(3) प्रदर्शित करती हैं कि बच्चे कितने लापरवाह हैं।

(4) बार-बार अभ्यास करने के लिए कह कर तुरंत सुधार देनी चाहिए।

5. Use of methods where learner's own initiative and efforts are involved is an example of –

(1) Learner-centered method

(2) Traditional method

(3) Inter-personal intelligence

(4) Deductive method

6. What principle does the following highlight ?

"Students who do not perform well, feel that they are not 'good enough' and feel demotivated. They are then likely to give up easily without trying or persisting in doing tasks."

(1) Heredity and environment are not separable.

(2) Heredity and environment are not related.

(3) Cognition and emotions are not separable.

(4) Cognition and emotions are not related.

7. A teacher can encourage children to become effective problem solvers by –

(1) emphasizing on rote memorisation of the information given in the textbook.

(2) encouraging children to make intuitive guesses and to look at multiple solutions to the problem.

(3) writing step-by-step solution to all the questions in the textbook.

(4) giving them plenty of opportunities to answer similar kinds of questions from the textbook.

5. वह विधियाँ जिनके प्रयोग में विद्यार्थियों की स्व पहल व प्रयास शामिल हैं, निम्न में से किसका उदाहरण हैं ?

(1) अधिगमकर्त्ता केंद्रित विधि

(2) परम्परागत विधि

(3) अन्तर्वैयक्तिक बुद्धि

(4) निगमनात्मक विधि

6. नीचे लिखी हुई स्थिति किस सिद्धांत को दर्शाती है ?

"जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं, वे महसूस करते हैं कि वे "पर्याप्त रूप से अच्छे" नहीं हैं और हतोत्साहित महसूस करते हैं । तब उनमें बिना प्रयास के कार्य को आसानी से छोड़ देने की संभावना है ।"

(1) आनुवंशिकता एवं पर्यावरण अलग नहीं हैं ।

(2) आनुवंशिकता एवं पर्यावरण संबंधित नहीं हैं ।

(3) संज्ञान एवं संवेग अलग नहीं हैं ।

(4) संज्ञान एवं संवेग संबंधित नहीं हैं ।

7. एक शिक्षक बच्चों को प्रभावी रूप से समस्या का समाधान करने में सक्षम बनने के लिए किस तरह से प्रोत्साहित कर सकती है ?

(1) पाठ्यपुस्तक में दी गई सूचनाओं के कंठस्थीकरण करने पर बल देकर ।

(2) बच्चों को समस्या के बारे में सहजानुभूत अनुमान लगाने एवं बहु-विकल्पों को देखने के लिए प्रोत्साहित करके ।

(3) पाठ्यपुस्तक के सभी प्रश्नों के व्यवस्थित तरीके से समाधान लिखकर ।

(4) पाठ्यपुस्तक से एक ही प्रकार के प्रश्नों के उत्तर के अभ्यास के लिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में अवसर प्रदान करके ।

8. **The major proposition of Jean Piaget's theory is that –**
   (1) Children's thinking is quantitatively different from adults.
   (2) Children's thinking is qualitatively different from adults.
   (3) Children's thinking is inferior to adults.
   (4) Children's thinking is superior to adults.

9. **Gender is a/an –**
   (1) social construct
   (2) economic concept
   (3) biological determinant
   (4) psychological entity

10. **Which of the following correctly identifies the broad domains of development ?**
   (1) Physical; personality; spiritual and emotional
   (2) Social; physical; personality; self
   (3) Physical; cognitive; social and emotional
   (4) Emotional; intellectual; spiritual and self

11. **Which of the following statements about intelligence is correct ?**
   (1) Intelligence is hereditary trait that involves mental activities such as memory and reasoning.
   (2) Intelligence is multi-dimensional involving several abilities not entirely measureable by intelligence tests.
   (3) Intelligence is the ability to think convergently.
   (4) Intelligence is a relatively permanent change in behaviour as a result of experience.

12. **Which of the following is the primary socialising agency ?**
   (1) Government
   (2) Media
   (3) Family
   (4) School

8. **जीन पियाजे के सिद्धांत का प्रमुख प्रस्ताव है कि –**
   (1) बच्चों की सोच मात्रात्मक रूप में वयस्कों से भिन्न होती है ।
   (2) बच्चों की सोच गुणात्मक रूप में वयस्कों से भिन्न होती है ।
   (3) बच्चों की सोच वयस्कों से निम्न होती है ।
   (4) बच्चों की सोच वयस्कों से बेहतर होती है ।

9. **जेंडर –**
   (1) एक सामाजिक संरचना है ।
   (2) एक आर्थिक अवधारणा है ।
   (3) एक जैविक निर्धारक है ।
   (4) एक मनोवैज्ञानिक सत्ता है ।

10. **निम्नलिखित में से कौन विकास के व्यापक आयामों की सही पहचान करता है ?**
   (1) शारीरिक, व्यक्तित्व, आध्यात्मिक एवं संवेगात्मक
   (2) सामाजिक, शारीरिक, व्यक्तित्व, स्व
   (3) शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और संवेगात्मक
   (4) संवेगात्मक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं स्व

11. **बुद्धि के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?**
   (1) बुद्धि एक आनुवंशिक विशेषक है जिसमें मानसिक गतिविधियाँ जैसे स्मरण एवं तर्क शामिल होती हैं ।
   (2) बुद्धि बहु-आयामी है जिसमें बुद्धि परीक्षणों के द्वारा पूर्ण रूप से परिमेय न की जाने वाली कई योग्यताएँ शामिल हैं ।
   (3) बुद्धि अभिसारी रूप से सोचने की योग्यता है ।
   (4) बुद्धि अनुभव के परिणाम के रूप में व्यवहार में एक अपेक्षाकृत स्थायी परिवर्तन है ।

12. **निम्नलिखित में कौन प्राथमिक सामाजीकरण माध्यम है ?**
   (1) सरकार
   (2) मीडिया
   (3) परिवार
   (4) विद्यालय

13. **According to Lev Vygotsky, learning is –**

(1) a passive activity

(2) a conditioned activity

(3) a social activity

(4) an individual activity

14. **Which of the following characterizes a child in the preoperational stage ?**

(1) Deferred Imitation

(2) Irreversibility of thought

(3) Circular reactions

(4) Goal-directed behaviour

15. **Which of the following statements regarding children and their learning is correct ?**

(1) Children's socio-economic background determines and limits their motivation and learning capability.

(2) Children have to be rewarded and punished to make them motivated for learning.

(3) All children are naturally motivated to learn and are capable of learning.

(4) Children's motivation to learn and their capability to learn is pre-determined by heredity only.

16. **In progressive-education children are seen as –**

(1) active explorers

(2) blank slates

(3) miniature adults

(4) passive imitators

13. लेव वायगोट्स्की के अनुसार अधिगम –

(1) एक निष्क्रिय गतिविधि है ।

(2) एक अनुबंधित गतिविधि है ।

(3) एक सामाजिक गतिविधि है ।

(4) एक व्यक्तिगत गतिविधि है ।

14. **निम्नलिखित में से कौन सा पूर्व क्रियात्मक अवस्था काल के बच्चे को विशेषित करता है ?**

(1) विलंबित अनुकरण

(2) विचारों की अनुत्क्रमणीयता

(3) वर्तुल प्रतिक्रिया

(4) लक्ष्य–निर्देशित व्यवहार

15. **बच्चों और उनके अधिगम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?**

(1) बच्चों की सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि उनकी प्रेरणा एवं अधिगम सक्षमता को निर्धारित व सीमित करती है ।

(2) बच्चों को अधिगम हेतु प्रेरित करने के लिए उन्हें पुरस्कृत एवं दंडित करना होता है ।

(3) सभी बच्चे सीखने के लिए स्वाभाविक रूप से प्रेरित होते हैं तथा सीखने में सक्षम हैं ।

(4) बच्चों को सीखने के लिए अभिप्रेरणा तथा सीखने के लिए उनकी सक्षमता केवल आनुवंशिकता के द्वारा पूर्व निर्धारित है ।

16. **प्रगतिशील शिक्षा में बच्चों को किस तरह से देखा जाता है ?**

(1) सक्रिय अन्वेषकों के रूप में

(2) खाली स्लेटों के रूप में

(3) छोटे वयस्कों के रूप में

(4) निष्क्रिय अनुकारकों के रूप में

17. The period that initiates the transition to adulthood is –

(1) Pre-operational period

(2) End childhood

(3) Adolescence

(4) Middle childhood

18. According to Jean Piaget, children –

(1) can be conditioned to behave in particular ways by carefully controlled stimulus – response associations.

(2) can be taught to behave and learn in specific manner using principles of rewards and punishment.

(3) actively construct knowledge as they manipulate and explore the world.

(4) learn by observing others following a process of observational learning.

19. There are individual variations in the rate of motor development, yet the sequence of motor development is from ________ to ________.

(1) gross motor development; fine motor development

(2) fine motor development; gross motor development

(3) cephalocaudal; proximodistal

(4) proximodistal, cephalocaudal

17. वह अवधि जो वयस्कता के संक्रमण की पहल करती है, उसे क्या कहते हैं ?

(1) पूर्व-क्रियात्मक अवधि

(2) बाल्यावस्था की समाप्ति

(3) किशोरावस्था

(4) मध्य बाल्यावस्था

18. जीन पियाजे के अनुसार, बच्चे –

(1) को उद्दीपन-अनुक्रिया संबंधों के सावधानीपूर्ण नियंत्रण के द्वारा एक विशेष तरीके से व्यवहार करने के लिए अनुबंधित किया जा सकता है ।

(2) को पुरस्कार एवं दण्ड के सिद्धांतों का प्रयोग करते हुए विशिष्ट तरीके से व्यवहार करना एवं सीखना सिखाया जा सकता है ।

(3) ज्ञान को सक्रिय रूप से संरचित करते हैं, जैसे-जैसे वे दुनिया में व्यवहार कौशल का प्रयोग करते हैं तथा अन्वेषण करते हैं ।

(4) प्रेक्षणात्मक अधिगम की प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए दूसरों का अवलोकन करके सीखते हैं ।

19. चालक विकास की दर में व्यक्तिगत विविधताएँ होती हैं, फिर भी चालक विकास का क्रम _____ से _____ तक है ।

(1) अपरिष्कृत (स्थूल) चालक विकास; परिष्कृत (सूक्ष्म) चालक विकास

(2) परिष्कृत (सूक्ष्म) चालक विकास; अपरिष्कृत (स्थूल) चालक विकास

(3) शीर्षगामी; अधोगामी

(4) अधोगामी; शीर्षगामी

20. Associating toys, articles of clothing, household items, occupations and colours with specific sex, is a demonstration of –

(1) gender theory
(2) gender relevance
(3) evolved gender identity
(4) gender stereotyping

20. खिलौने, पहनावे की वस्तुएँ, घरेलू सामग्रियाँ, व्यवसायों एवं रंगों को विशिष्ट लिंग के साथ संबंधित करना क्या प्रदर्शित करता है ?

(1) जेंडर सिद्धांत
(2) जेंडर प्रासंगिकता
(3) विकसित जेंडर पहचान
(4) जेंडर रूढ़िवादिता

21. In an elementary classroom it is important to ________ the experiences that a child brings with her.

(1) ignore
(2) build on
(3) deny
(4) neglect

21. एक प्रारंभिक कक्षाकक्ष में एक बच्ची अपने साथ जो अनुभव लाती है

(1) उन पर ध्यान नहीं देना चाहिए ।
(2) उन्हें शामिल कर उनका संचय करना चाहिए ।
(3) उन्हें अस्वीकार करना चाहिए ।
(4) उसकी उपेक्षा करनी चाहिए ।

22. A child argues that Heinz shouldn't steal the drug (medicine that can save his wife) because he will be caught and sent to jail if he does so. According to Kohlberg, which stage of moral understanding does the child fall under ?

(1) The punishment and obedience orientation
(2) The universal ethical principle orientation
(3) The instrumental purpose orientation
(4) The social-order maintaining orientation

22. एक बच्चा तर्क प्रस्तुत करता है कि हिंज को दवाई की चोरी नहीं करनी चाहिए (वह दवाई जो उसकी पत्नी की जान बचाने के लिए जरूरी है), क्योंकि यदि वह ऐसा करता है तो उसे पकड़ा जाएगा और जेल भेज दिया जाएगा । कोलबर्ग के अनुसार वह बच्चा नैतिक समझ की किस अवस्था के अंतर्गत आता है ?

(1) दण्ड एवं आज्ञापालन अभिविन्यास
(2) सार्वभौम नैतिक सिद्धांत अभिविन्यास
(3) यंत्रीय उद्देश्य अभिविन्यास
(4) सामाजिक-क्रम नियंत्रक अभिविन्यास

23. Lev Vygotsky refers to the verbal dialogues that children have with themselves as –

(1) distorted speech
(2) problematic speech
(3) egocentric speech
(4) private speech

23. मौखिक संवाद जो बच्चे अपने आप से करते हैं, उन्हें लेव वायगोत्सकी क्या कहते हैं ?

(1) भ्रांत वार्ता
(2) समस्यात्मक वार्ता
(3) अहंकेंद्रित वार्ता
(4) व्यक्तिगत वार्ता

24. ________ is the philosophy that all children have a right to get equal education in a regular school system.

(1) Special education

(2) Multi-cultural education

(3) Inclusion

(4) Mainstreaming

25. A teacher should –

(1) ignore cultural differences and diversity amongst students.

(2) communicate that she respects and values all cultures in the classroom.

(3) maximize comparisons amongst students.

(4) promote students belonging to certain cultures.

26. Which of the following constructs does Right to Education Act, 2009 advocate ?

(1) Segregation

(2) Mainstreaming

(3) Integrated education

(4) Inclusive education

24. _____ यह विचारधारा है कि सभी बच्चों को एक नियमित विद्यालय व्यवस्था में समान शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार हो ।

(1) विशेष शिक्षा

(2) बहुल-सांस्कृतिक शिक्षा

(3) समावेशी शिक्षा

(4) मुख्यधारा शिक्षा

25. एक शिक्षक को चाहिए कि

(1) वह विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक विभिन्नताओं तथा विविधता की अनदेखी करें ।

(2) यह सम्प्रेषित करे कि वह कक्षाकक्ष में सभी संस्कृतियों का सम्मान करती है एवं महत्त्व देती है ।

(3) वह विद्यार्थियों के बीच तुलना को अधिकतम करें ।

(4) वह विशेष संस्कृतियों / समुदाय के बच्चों को बढ़ावा दे ।

26. निम्नलिखित संरचनाओं में से शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 किसकी वकालत करता है ?

(1) पृथक्करण

(2) मुख्यधारा शिक्षण

(3) एकीकृत शिक्षा

(4) समावेशी शिक्षा

27. **Children should __________ questions in the class.**
(1) not be allowed to ask
(2) be stopped from asking
(3) be encouraged to ask
(4) be discouraged to ask

28. **Which of the following is NOT a key process through which meaningful learning occurs ?**
(1) Instruction and direction
(2) Exploration and interaction
(3) Memorization and recall
(4) Repetition and practice

29. **Which of the following represents the correct matching of children in column-A with their primary characteristic in column-B ?**

| | Column-A | | Column-B |
|---|---|---|---|
| i. | Gifted | a. | Lacks reading fluency |
| ii. | Learning disabled | b. | Can think of original solutions |
| iii. | Creative | c. | Tendency to get distracted easily |
| iv. | Attention Deficit Hyperactivity Disorder (ADHD) | d. | Ability to learn quickly and independency |

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | d | c | a | b |
| (2) | a | b | d | c |
| (3) | d | c | b | a |
| (4) | d | a | b | c |

30. **Children learn effectively when –**
(1) they copy answers written by the teacher on the blackboard.
(2) they actively participate in different activities and tasks.
(3) the teacher fully controls everything that happens in the class including the children.
(4) they memorise facts given in the textbook.

27. **बच्चों को कक्षा में प्रश्न –**
(1) पूछने की अनुमति नहीं देनी चाहिए ।
(2) पूछने से रोकना चाहिए ।
(3) पूछने के लिए प्रेरित करना चाहिए ।
(4) पूछने के लिए हतोत्साहित करना चाहिए ।

28. **निम्नलिखित में से कौन सी एक मुख्य प्रक्रिया नहीं है जिसके द्वारा सार्थक अधिगम घटित होता है ?**
(1) निर्देश एवं संचालन
(2) अन्वेषण एवं पारस्परिक क्रिया
(3) कंठस्थीकरण एवं स्मरण
(4) पुनरावृत्ति एवं अभ्यास

29. **निम्नलिखित में से कौन सा स्तम्भ–क के बच्चों को स्तम्भ–ख में उनकी प्राथमिक विशेषताओं के सही मिलान को प्रस्तुत करता है ?**

| | स्तम्भ–क | | स्तम्भ–ख |
|---|---|---|---|
| i. | प्रतिभाशाली | a. | धाराप्रवाह पढ़ने में कमी है । |
| ii. | अधिगम अशक्तता | b. | मूल समाधानों के बारे में सोच सकता है । |
| iii. | सृजनात्मक | c. | आसानी से विचलित होने की आदत है । |
| iv. | अवधान कमी अतिसक्रियता व्यतिक्रम (ADHD) | d. | शीघ्रता से एवं स्वतंत्र रूप से सीखने की योग्यता |

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | d | c | a | b |
| (2) | a | b | d | c |
| (3) | d | c | b | a |
| (4) | d | a | b | c |

30. **बच्चे प्रभावी रूप से सीखते हैं जब –**
(1) वे श्यामपट पर अध्यापक के द्वारा लिखे गए उत्तरों की नकल करते हैं ।
(2) वे विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं ।
(3) शिक्षक कक्षा में होने वाली सभी घटनाओं व बच्चों को पूर्ण रूप से नियंत्रित करता है ।
(4) वे पाठ्यपुस्तक में दिए गए तथ्यों को याद करते हैं ।

## PART – II / भाग – II

## MATHEMATICS / गणित

*Directions : Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**31. A teacher gives the following task to the students of class-IV :**

**"Arrange 25 tiles in all possible rectangular arrays."**

**Which of the following mathematical concepts can be addressed through this task ?**

(1) Area, perimeter, volume

(2) Area, volume, length

(3) Volume, area, length

(4) Area, factors, perimeter

**32. Identify the correct statement about the ability to conserve different physical quantities in 'measurement' as proposed by Piaget.**

(1) Conservation of weight is grasped before conservation of number.

(2) Conservation of length is grasped before conservation of number.

(3) Conservation of weight is grasped before conservation of volume.

(4) Conservation of volume is grasped before conservation of mass.

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए :*

**31. एक अध्यापक कक्षा IV के छात्रों को निम्नलिखित कार्य देता है :**

**"25 टाइल को सभी संभव आयताकार व्यूहों में व्यवस्थित करें ।"**

**इस कार्य से निम्नलिखित में से कौन सी गणितीय अवधारणाओं को संबोधित किया जा सकता है ?**

(1) क्षेत्रफल, परिमाप, आयतन

(2) क्षेत्रफल, आयतन, लम्बाई

(3) आयतन, क्षेत्रफल, लम्बाई

(4) क्षेत्रफल, गुणनखण्ड, परिमाप

**32. पियाजे के प्रस्ताव के अनुसार 'माप' में विभिन्न भौतिक राशियों के संरक्षण की योग्यता के विषय में सही कथन को पहचानिए ।**

(1) भार के संरक्षण की समझ संख्याओं के संरक्षण से पहले आती है ।

(2) लम्बाई के संरक्षण की समझ संख्याओं के संरक्षण से पहले आती है ।

(3) भार के संरक्षण की समझ आयतन के संरक्षण से पहले आती है ।

(4) आयतन के संरक्षण की समझ द्रव्यमान के संरक्षण से पहले आती है ।

33. Van Hiele's levels refers to stages in the development of

(1) Geometrical thinking

(2) Fractions

(3) Number concept

(4) Place value

34. Which one of the following sets are Problem Solving Strategies in Mathematics ?

(1) Reasoning, using variable, look for a pattern

(2) Memorisation, Guess & test, drawing

(3) Trial-error, drawing, memorisation

(4) Drawing, working back, rote learning

33. वॉन हेले के स्तर जिस विकास की अवस्थाओं का संकेत करते हैं, वह है

(1) ज्यामितीय चिंतन

(2) भिन्न

(3) संख्या की संकल्पना

(4) स्थानीय मान

34. निम्नलिखित समुच्चयों में से कौन सा गणित में प्रश्न हल करने का कौशल है ?

(1) विवेचन करना, चर का प्रयोग करना, प्रतिरूप देखना ।

(2) कंठस्थ करना, अनुमान लगाकर परीक्षण करना, चित्रांकन करना ।

(3) प्रयत्न–त्रुटि विधि, चित्रांकन करना, कंठस्थ करना ।

(4) चित्रांकन करना, पीछे से हल करना, रट लेना ।

35. Which of the following teaching-learning resources is best suited to explain the concept of multiplication of two decimal numbers say $0.3 \times 0.2 = 0.06$ ?

(1) Number chart

(2) Graph paper

(3) Dienes blocks

(4) Taylor's abacus

36. As per the recommendation of NCF 2005, Primary School mathematics curriculum should

(1) provide rigour in mathematical concepts

(2) prepare children for advanced mathematics.

(3) relate to children's everyday experiences.

(4) focus on procedural knowledge

35. दो दशमलव वाली संख्याओं के गुणन जैसे कि $0.3 \times 0.2 = 0.06$ की संकल्पना को समझाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षण–अधिगम साधन उचित है ?

(1) संख्या चार्ट

(2) ग्राफ पेपर

(3) डाइनिस ब्लॉक्स (Dienes blocks)

(4) टेलर का गिनतारा (Taylor's abacus)

36. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.) 2005 की अनुशंसा के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों का गणित पाठ्यक्रम

(1) गणितीय संकल्पनाओं में कठोरता देने वाला होना चाहिए।

(2) छात्रों को प्रगामी गणित के लिए तैयार करने वाला होना चाहिए।

(3) छात्रों के प्रतिदिन के अनुभवों से संबंधित होना चाहिए।

(4) कार्यविधिक ज्ञान पर केंद्रित होना चाहिए।

37. Which of the following is not a characteristic of effective mathematics pedagogy ?

(1) Focussing patterns of students errors.

(2) Making connections with everyday experiences.

(3) Using various teaching-learning strategies for a single concept.

(4) Following strict time rules when introducing a new concept.

37. गणितीय अध्यापन को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता नहीं है ?

(1) छात्रों की त्रुटियों के प्रतिरूपों पर केंद्रित होना ।

(2) प्रतिदिन के अनुभवों के साथ संबंध स्थापित करना ।

(3) एक ही संकल्पना के लिए विभिन्न शिक्षण–अधिगमों का प्रयोग

(4) एक नई संकल्पना का परिचय देने के लिए समय के नियम का कठोरता से पालन करना ।

38. Which of the following is not an effective strategy to assess primary level students' learning in mathematics ?

(1) Designing tasks which elicit more than one level of response.

(2) Using primarily group administered tasks.

(3) Designing tasks to differentiate between rote memorisation and conceptual understanding.

(4) Analysing children's errors to understand their reasoning.

38. प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों के गणित अधिगम का मूल्यांकन करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी प्रभावशाली योजना नहीं है ?

(1) ऐसे कार्यों की अभिकल्पना की जाए जिनमें एक से अधिक स्तर के उत्तर प्राप्त हो सकते हैं ।

(2) मुख्यत: समूह संचालित कार्यों का प्रयोग किया जाए ।

(3) ऐसे कार्यों की अभिकल्पना की जाए कि यत्रंवत् रटने और संकल्पना समझ में अन्तर किया जा सके ।

(4) विद्यार्थियों की त्रुटियों को जानकर उनके तर्क का विश्लेषण किया जाए ।

39. How many quarters are there in $18\frac{3}{4}$ ?

(1) 72

(2) 35

(3) 68

(4) 75

40. In a school, half of students play badminton, one-fourth ($1/4^{th}$) play volleyball, one-eighth ($1/8^{th}$) play tennis, one-sixteenth ($1/16^{th}$) play chess and remaining go for swimming. If the number of students playing volleyball is 160, how many students play chess ?

(1) 80

(2) 20

(3) 40

(4) 120

39. $18\frac{3}{4}$ में कितने चतुर्थांश हैं ?

(1) 72

(2) 35

(3) 68

(4) 75

40. एक स्कूल में, आधे छात्र बैडमिंटन खेलते हैं, 1/4 छात्र वॉलीबॉल खेलते हैं, 1/8 टेनिस खेलते हैं, 1/16 छात्र शतरंज खेलते हैं और बाकी तैराकी के लिए जाते हैं । यदि वॉलीबॉल खेलने वाले छात्रों की संख्या 160 है, तो कितने छात्र शतरंज खेलते हैं ?

(1) 80

(2) 20

(3) 40

(4) 120

41. Deepa goes to a post-office to post/mail letters and parcels. The postal rates depicted are as below :

| | | |
|---|---|---|
| **Letter Weighing :** | | |
| (i) 20 g or less | – | ₹ 5.00 |
| (ii) Per every additional 20 g | – | ₹ 2.00 |
| **Parcel Weighing :** | | |
| (i) 50 g or less | – | ₹ 5.00 |
| (ii) For every additional 50 g | – | ₹ 3.00 |

Deepa wants to send two parcels weighing 250 g and 300 g respectively and two letters each to 20 g and 35 g respectively. How much postal charge does she have to pay ?

(1) ₹ 39

(2) ₹ 49

(3) ₹ 41

(4) ₹ 48

42. Digits 2, 3, 4, 6, 7, 8 are arranged in the following blanks :

$$\begin{array}{r} __\ __\ __ \\ +\ __\ __\ __ \end{array}$$

The largest possible number after addition is

(1) 1560

(2) 1308

(3) 808

(4) 1605

41. दीपा एक डाकघर में पत्र और पार्सल डाक से भेजने के लिए जाती है । डाक की दरें इस प्रकार चित्रित की गई हैं :

| | | |
|---|---|---|
| **पत्र का भार :** | | |
| (i) 20 ग्रा. या उससे कम | – | ₹ 5.00 |
| (ii) प्रत्येक अतिरिक्त 20 ग्रा. के लिए | – | ₹ 2.00 |
| **पार्सल का भार :** | | |
| (i) 50 ग्रा. या उससे कम | – | ₹ 5.00 |
| (ii) प्रत्येक अतिरिक्त 50 ग्रा. के लिए | – | ₹ 3.00 |

दीपा दो पार्सल क्रमशः 250 ग्रा. और 300 ग्रा. भार के और दो पत्र क्रमशः 20 ग्रा. और 35 ग्रा. भार के भेजना चाहती है । उसे कितना डाक शुल्क देना होगा ?

(1) ₹ 39

(2) ₹ 49

(3) ₹ 41

(4) ₹ 48

42. अंकों 2, 3, 4, 6, 7, 8 को निम्नलिखित रिक्त स्थानों में व्यवस्थित किया गया है :

$$\begin{array}{r} __\ __\ __ \\ +\ __\ __\ __ \end{array}$$

योग करने पर अधिकतम संभव संख्या होगी

(1) 1560

(2) 1308

(3) 808

(4) 1605

43. Read the following Railway timings of New Delhi – Chennai Rajdhani express and answer the question :

| Station | Arrival | Departure |
|---|---|---|
| New Delhi | – | 15:55 |
| Bhopal | 23:55 | 00:05 |
| Nagpur | 05:25 | 05:35 |
| Vijaywada | 14:15 | 14:30 |
| Chennai | 20:45 | end |

Which of the following statements is true ?

(1) The duration of Journey from New Delhi to Nagpur is 11 hr. 30 min.

(2) The duration of Journey from Bhopal to Chennai is 21 hr. 40 min.

(3) The duration of Journey from Bhopal to Vijaywada is 13 hr. 10 min.

(4) The duration of Journey from Nagpur to Chennai is 15 hr. 10 min.

43. नई दिल्ली-चेन्नई राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी की निम्नलिखित रेलवे समय सारिणी को पढ़िए और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | – | 15:55 |
| भोपाल | 23:55 | 00:05 |
| नागपुर | 05:25 | 05:35 |
| विजयवाड़ा | 14:15 | 14:30 |
| चेन्नई | 20:45 | समाप्ति |

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(1) नई दिल्ली से नागपुर की यात्रा का समय 11 घंटे 30 मिनट का है।

(2) भोपाल से चेन्नई की यात्रा का समय 21 घंटे 40 मिनट का है।

(3) भोपाल से विजयवाड़ा की यात्रा का समय 13 घंटे 10 मिनट का है।

(4) नागपुर से चेन्नई की यात्रा का समय 15 घंटे 10 मिनट का है।

44. A whole number is added to 50 and the same number is subtracted from 50. The sum of the resulting numbers is

(1) 0

(2) 100

(3) 25

(4) 50

44. 50 में एक पूर्ण संख्या जोड़ी जाती है और फिर वही संख्या 50 में से घटा दी जाती है। प्राप्त हुई दोनों संख्याओं का जोड़ है –

(1) 0

(2) 100

(3) 25

(4) 50

45. A shopkeeper mixed 5.3 kg of almonds, 2100 g of raisin, 2.2 kg of cashews and packed the mixture equally into two dozen packets. What is the weight to each packet ?

(1) 450 g
(2) 500 g
(3) 300 g
(4) 400 g

46. A beaker is $3/7^{th}$ filled with water. Another 16 L of water is needed to fill the beaker to its brim. What is the capacity of the beaker ?

(1) 100 L
(2) 28 L
(3) 14 L
(4) 50 L

47. Which of the following represents descending order of numbers ?

(1) 30.5, 3.50, 3.05, 3.055, 3.005, 0.355
(2) 30.5, 3.05, 3.055, 3.50, 3.005, 0.355
(3) 3.05, 3.005, 3.50, 3.055, 30.5, 0.355
(4) 30.5, 3.50, 3.055, 3.05, 3.005, 0.355

45. एक दुकानदार ने 5.3 कि.ग्रा. बादाम, 2100 ग्रा. किशमिश और 2.2 कि.ग्रा. काजू को मिला दिया तथा इस मिश्रण के बराबर-बराबर दो दर्जन पैकेट बना दिए । प्रत्येक पैकेट का भार क्या होगा ?

(1) 450 ग्रा.
(2) 500 ग्रा.
(3) 300 ग्रा.
(4) 400 ग्रा.

46. एक बीकर के 3/7 भाग में पानी है । बीकर को ऊपर तक पानी से भरने के लिए 16 L पानी की आवश्यकता है । बीकर की धारिता क्या है ?

(1) 100 L
(2) 28 L
(3) 14 L
(4) 50 L

47. निम्नलिखित संख्याओं में कौन सी संख्याएँ अवरोही क्रम को निरूपित करती हैं ?

(1) 30.5, 3.50, 3.05, 3.055, 3.005, 0.355
(2) 30.5, 3.05, 3.055, 3.50, 3.005, 0.355
(3) 3.05, 3.005, 3.50, 3.055, 30.5, 0.355
(4) 30.5, 3.50, 3.055, 3.05, 3.005, 0.355

48. What number am I ?

I am a 2 digit even number.

I am common multiple of 3, 4, 6.

I have total 9 factors.

(1) 24

(2) 36

(3) 48

(4) 56

49. Asha plans to save some money from household expenditure to buy a mobile phone. Every week she saves ₹ 50 on Monday, ₹ 100 on Wednesday and ₹ 80 on Friday and spends ₹ 60 from this on Sunday. How many weeks would she take to save enough to buy a mobile phone of ₹ 5,950 ?

(1) 30

(2) 40

(3) 25

(4) 35

48. मैं कौन सी संख्या हूँ ?

मैं दो अंकों की सम संख्या हूँ ।

मैं 3, 4, 6 का सार्वगुणज हूँ ।

मेरे कुल 9 गुणनखण्ड हैं ।

(1) 24

(2) 36

(3) 48

(4) 56

49. आशा घर के खर्च में से कुछ रकम बचा कर एक मोबाइल फोन खरीदना चाहती है । प्रत्येक सप्ताह वह सोमवार को ₹ 50, बुधवार को ₹ 100 और शुक्रवार को ₹ 80 बचाती है तथा रविवार को इसमें से ₹ 60 खर्च कर देती है । उसे ₹ 5,950 का मोबाइल खरीदने के लिए कितने सप्ताह बचत करनी होगी ?

(1) 30

(2) 40

(3) 25

(4) 35

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

50. Which of the following letters have both horizontal and vertical lines of symmetry ?

(1) C

(2) Y

(3) A

(4) X

51. If $(11011)_2$ = $(______)_{10}$, then number in the blank space is

(1) 30

(2) 33

(3) 22

(4) 27

52. The side of a square is 10 cm. How many times will the new perimeter become if the side of the square is doubled ?

(1) 3 times

(2) 2 times

(3) Remains same

(4) 4 times

50. निम्नलिखित में से किन अक्षरों में क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर सममिति दोनों की रेखाएँ हैं ?

(1) C

(2) Y

(3) A

(4) X

51. यदि $(11011)_2$ = $(______)_{10}$ है, तो रिक्त स्थान में संख्या है

(1) 30

(2) 33

(3) 22

(4) 27

52. एक वर्ग की भुजा 10 cm है । यदि वर्ग की भुजा दुगनी कर दी जाए तो नया परिमाप कितने गुणा हो जाएगा ?

(1) 3 गुणा

(2) 2 गुणा

(3) समान रहेगा ।

(4) 4 गुणा

53. $72 \times 28 = 36 \times 4 \times$ ________.

The number in the blank is

(A) multiple of 7

(B) a prime number

(C) less than 10

(D) an even number

(E) factor of 56

Which of the following is correct ?

(1) (C), (D), (E)

(2) (A), (D), (E)

(3) (A), (B), (C)

(4) (A), (D), (B)

54. What is the correct sequence a teacher of Class-III needs to follow to explain the concept of 'Quarter' (¼) to the students ?

(A) Write symbol of Quarter on black board.

(B) Provide concrete material and divides into Quarters.

(C) Show pictures representing 'Quarter'.

(1) (B), (C), (A)

(2) (C), (A), (B)

(3) (A), (B), (C)

(4) (A), (C), (B)

53. $72 \times 28 = 36 \times 4 \times$ ________.

रिक्त स्थान की संख्या

(A) 7 का गुणज है।

(B) एक अभाज्य संख्या है।

(C) 10 से कम है।

(D) एक सम संख्या है।

(E) 56 का गुणनखण्ड है।

निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(1) (C), (D), (E)

(2) (A), (D), (E)

(3) (A), (B), (C)

(4) (A), (D), (B)

54. कक्षा-III में चतुर्थांश $\left(\frac{1}{4}\right)$ की संकल्पना समझाने के लिए अध्यापक को कौन से उचित अनुक्रम का अनुसरण करने की आवश्यकता है ?

(A) चतुर्थांश के प्रतीक को श्यामपट्ट पर लिखना।

(B) ठोस पदार्थ लेकर उसे चतुर्थांशों में बाँटना।

(C) 'चतुर्थांश' को प्रदर्शित करने वाले चित्र दिखाना।

(1) (B), (C), (A)

(2) (C), (A), (B)

(3) (A), (B), (C)

(4) (A), (C), (B)

55. A Class-III student perform multiplication of $16 \times 25$ as follows :

$$16 \times 25 = 8 \times 2 \times 5 \times 5$$
$$= 8 \times 5 \times 2 \times 5$$
$$= 40 \times 10$$
$$= 400$$

Which property of multiplication has the student used in this question ?

(1) Repeated addition

(2) Inverse multiplication law

(3) Distributive law

(4) Associative law

56. How will you cater to the needs of visually challenged students of your classroom in an inclusive school ?

(1) Send them to special educator.

(2) Provide them extra time for practise.

(3) Make them sit with high achievers

(4) Use alternate teaching-learning methods and resources.

55. कक्षा III के छात्र ने $16 \times 25$ का गुणन इस प्रकार किया :

$$16 \times 25 = 8 \times 2 \times 5 \times 5$$
$$= 8 \times 5 \times 2 \times 5$$
$$= 40 \times 10$$
$$= 400$$

इस प्रश्न को हल करने के लिए छात्र ने गुणन के किस नियम का प्रयोग किया ?

(1) पुनरावृत्त योग

(2) प्रतिलोम गुणन सिद्धांत

(3) वितरण सिद्धांत

(4) साहचर्य सिद्धांत

56. समावेशित विद्यालय में आप अपनी कक्षा के दृष्टि-बाधित छात्रों की आवश्यकताओं को कैसे पूरा करेंगे ?

(1) उन्हें विशेष शिक्षक के पास भेज कर ।

(2) उन्हें अभ्यास के लिए अतिरिक्त समय देकर ।

(3) उन्हें उच्च उपलब्धि वाले छात्रों के साथ बैठा कर ।

(4) शिक्षण-अधिगम की वैकल्पिक प्रणालियों और साधनों का प्रयोग कर ।

**57. Which of the following statements is true regarding 'Numeral' and 'Number' ?**

**(A) A numeral is a symbol used to represent number.**

**(B) Same number can be represented by different numerals.**

(1) (B) is correct and (A) is incorrect.

(2) Both (A) and (B) are correct.

(3) Both (A) and (B) are incorrect.

(4) (A) is correct and (B) is incorrect.

**58. Which of the following is not a mathematical process ?**

(1) Memorisation

(2) Estimation

(3) Transposition

(4) Visualisation

**59. Which of the following is not related to early number concept ?**

(1) Conservation

(2) Measurement

(3) Classification

(4) Class inclusion

**57. 'संख्यांक' और 'संख्या' के विषय में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?**

**(A) संख्यांक एक प्रतीक है जिसे संख्या को प्रदर्शित करने के लिए प्रयोग किया जाता है।**

**(B) एक संख्या को विभिन्न संख्यांकों द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है।**

(1) (B) शुद्ध है और (A) अशुद्ध हैं।

(2) (A) और (B) दोनों ही शुद्ध हैं।

(3) (A) और (B) दोनों ही अशुद्ध हैं।

(4) (A) शुद्ध है और (B) अशुद्ध हैं।

**58. निम्नलिखित में से कौन सा गणितीय प्रक्रम नहीं है ?**

(1) कंठस्थ करना

(2) आकलन करना

(3) पक्षांतरण

(4) मानसदर्शन

**59. निम्नलिखित में से क्या प्रारंभिक संख्या संकल्पना से संबंधित नहीं है ?**

(1) संरक्षण

(2) मापन

(3) वर्गीकरण

(4) वर्ग समावेश

60. Read the following word problems on addition :

A. There are 15 oranges in one basket and 17 oranges in another basket. How many oranges are there altogether ?

B. The price of a mobile phone which is for ₹ 9,950 is increased by ₹ 375 after budget. What is the new price ?

Which of the following statements is correct ?

(1) Both represents aggregation structure of addition.

(2) Both represents augmentation structure of addition.

(3) 'A' represents augmentation structure of addition whereas 'B' represents aggregation structure of addition.

(4) 'A' represents 'aggregation' structure of addition whereas 'B' represents 'augmentation' structure of addition.

60. योग पर निम्नलिखित शाब्दिक समस्याओं को पढ़िए :

A. एक टोकरी में 15 संतरे हैं और दूसरी टोकरी में 17 संतरे हैं । सब मिला कर कितने संतरे हैं ?

B. एक ₹ 9,950 वाले मोबाइल फोन की कीमत में बजट के बाद ₹ 375 की वृद्धि हो गई । नई कीमत क्या है ?

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(1) दोनों ही योग की समुच्चयन संरचना को प्रदर्शित करते हैं ।

(2) दोनों ही योग की संवर्धन संरचना को प्रदर्शित करते हैं ।

(3) 'A' योग की संवर्धन संरचना प्रदर्शित करता है और 'B' योग की समुच्चयन संरचना को प्रदर्शित करता है ।

(4) 'A' योग की समुच्चयन संरचना को प्रदर्शित करता है और 'B' योग की संवर्धन संरचना को प्रदर्शित करता है ।

# PART – III / भाग – III

## ENVIRONMENTAL STUDIES / पर्यावरण अध्ययन

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.

**61.** **The most effective strategy to engage learners in EVS is __________.**

(1) Explanations by teacher

(2) Classroom Demonstration

(3) Narratives

(4) Reading of textbook

**62.** **Which one of the following is not true w.r.t EVS ?**

(1) EVS provides opportunities to the learners to explore their environment.

(2) EVS emphasizes descriptions and definitions.

(3) Nature of EVS is integrated.

(4) EVS is based on child centred learning.

**63.** **Which one of the following is very important in constructing knowledge in EVS ?**

**A.** **Active participation of the learner.**

**B.** **Relating child's knowledge with the teachers knowledge.**

**C.** **Learning EVS outside the four walls of the classroom.**

**D.** **Relating child's local knowledge to the school knowledge.**

(1) A only

(2) A and D only

(3) A, C and D

(4) D only

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**61.** **पर्यावरण अध्ययन में बच्चों को जोड़ने की सबसे प्रभावशाली युक्ति ____ है ।**

(1) शिक्षक द्वारा व्याख्याएँ

(2) कक्षा निदर्शन

(3) किस्से कहानियाँ

(4) पाठ्यपुस्तक का पठन

**62.** **निम्नलिखित में से कौन सा एक पर्यावरण–अध्ययन के संबंध में सच नहीं है ?**

(1) पर्यावरण अध्ययन बच्चों को अपने परिवेश को खोजने का अवसर देता है ।

(2) पर्यावरण अध्ययन वर्णनों और परिभाषाओं पर बल देता है ।

(3) पर्यावरण अध्ययन की प्रकृति एकीकृत है ।

(4) पर्यावरण अध्ययन बालकेन्द्रित अध्ययन है ।

**63.** **निम्नलिखित में से क्या एक पर्यावरण–अध्ययन में ज्ञान की रचना में बहुत ही महत्त्वपूर्ण है ?**

**A.** **बच्चों की सक्रिय भागीदारी ।**

**B.** **बच्चों के ज्ञान को शिक्षकों के ज्ञान से जोड़ना ।**

**C.** **पर्यावरण अध्ययन को कक्षा की चार दीवारी से बाहर सीखना ।**

**D.** **बच्चों के स्थानीय ज्ञान को विद्यालय के ज्ञान से संबंधित करना ।**

(1) केवल A

(2) केवल A और D

(3) A, C और D

(4) केवल D

64. Children should be encouraged to tap sources other than textbooks and teachers in EVS. Why ?

A. Textbook and teacher are not the only sources of EVS learning.

B. It will promote the involvement of parents and communities.

C. It will provide opportunity to teachers to know the child's background.

D. It will develop psychomotor skills and aesthetic sense of the children.

(1) B, C and D

(2) C and D only

(3) B and C only

(4) A, B and C

65. A teacher always begins by conducting activities followed by questions and discussions. The objective of conducting activities, questions and discussion is to _____.

A. Assess the children's process skills

B. Provide an opportunity to the children to explore

C. Provide an opportunity to the children to express themselves

D. Discriminate between the children bases on their pace of learning

(1) B, C and D

(2) A, B and C

(3) D only

(4) C only

64. पर्यावरण-अध्ययन में बच्चों को पाठ्यपुस्तकों और शिक्षकों के अलावा अन्य स्रोतों की मदद लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। क्यों ?

A. पर्यावरण-अध्ययन सीखने के लिए पाठ्यपुस्तक और शिक्षक ही स्रोत नहीं हैं।

B. यह पर्यावरण-अध्ययन सीखने के लिए समुदायों और माता-पिताओं की उपस्थिति का विकास करेगा।

C. यह शिक्षकों को बच्चों की पृष्ठभूमि को जानने का अवसर देगा।

D. यह बच्चों के सौन्दर्यगत और मनो-क्रियात्मक कौशल का विकास करेगा।

(1) B, C और D

(2) केवल C और D

(3) केवल B और C

(4) A, B और C

65. एक शिक्षक हमेशा क्रियाकलापों को कराने के बाद प्रश्नों और चर्चाओं का संचालन करता है।

क्रियाकलापों, प्रश्नों और चर्चाओं के संचालन करने का उद्देश्य _____ है।

A. बच्चों की प्रक्रिया कौशलों का आकलन।

B. बच्चों को खोजने का अवसर देना।

C. बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति का अवसर देना।

D. बच्चों में उनके सीखने की गति के आधार पर विभेद करना।

(1) B, C और D

(2) A, B और C

(3) केवल D

(4) केवल C

66. In EVS, teachers should provide opportunities to the children to assess themselves. Self-assessment is ______.

(1) Assessment of learning

(2) Assessment for learning

(3) CCE

(4) Assessment as learning

67. A teacher conducts an experiment on "How does food get spoilt ?"

Teacher makes groups of learners and provides them material related to the experiment. Why does teacher form groups of learners ?

A. It promotes peer learning.

B. It improves social interaction.

C. Group learning is effective way of learning EVS without burden.

D. Group learning is an essential strategy to maintain discipline in the class.

(1) A and C only

(2) B and D only

(3) A and B only

(4) C and D only

68. Which of the following should __not__ be the indicator for assessment in EVS ?

(1) Remembering

(2) Questioning

(3) Concern for justice and equality

(4) Co-operation

66. पर्यावरण अध्ययन में शिक्षक के द्वारा बच्चों को स्वयं अपने का आकलन के लिए अवसर देना चाहिए । स्व:आकलन है ______

(1) सीखने का आकलन

(2) सीखने के लिए आकलन

(3) सी.सी.ई.

(4) सीखने के समान आकलन

67. एक शिक्षक, "खाना किस प्रकार से खराब होता है," पर एक प्रयोग करता है ।

शिक्षक बच्चों के समूह बनाकर उनको प्रयोग से संबंधित सामग्री देता है । शिक्षक बच्चों के समूह क्यों बनाता है ?

A. यह सहपाठी अधिगम का समर्थन करता है ।

B. यह बच्चों की सामाजिक अंत:क्रिया में सुधार करता है ।

C. समूह अधिगम बिना बोझ के पर्यावरण अध्ययन के अधिगम का प्रभावशाली तरीका है ।

D. कक्षा में अनुशासन को बनाए रखने के लिए समूह में अधिगम एक महत्त्वपूर्ण युक्ति है ।

(1) केवल A और C

(2) केवल B और D

(3) केवल A और B

(4) केवल C और D

68. निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण-अध्ययन में आकलन के लिए संकेतक __नहीं__ होना चाहिए ?

(1) याद करना

(2) प्रश्न पूछना

(3) न्याय और समानता के प्रति सरोकार

(4) सहभागिता

**69. Picture reading is an important activity in EVS. Which of the following indicator/indicators of learners can be assessed through picture reading ?**

**A. Observation and recording**

**B. Expression**

**C. Analysis**

**D. Experimentation**

(1) A and C only

(2) A and B only

(3) D only

(4) A, B and C

**70. Which technique is used in the rating scale ?**

(1) Checklist

(2) Assignments

(3) Written question

(4) Observation

**71. Which of the following is not the objective of teaching EVS ?**

(1) To engage the child in exploratory and hands on activities.

(2) To encourage children to provide textbook definitions.

(3) To nurture the curiosity and creativity of the child.

(4) To develop an awareness about environmental issues.

**69. पर्यावरण अध्ययन में चित्र पढ़ना एक महत्त्वपूर्ण क्रियाकलाप है । निम्नलिखित में से कौन सा/से संकेतक/संकेतकों का बच्चों में आकलन चित्र पढ़ने के द्वारा हो सकता है ?**

**A. अवलोकन और अभिलेखन**

**B. अभिव्यक्ति**

**C. विश्लेषण**

**D. प्रयोग करना**

(1) केवल A और C

(2) केवल A और B

(3) केवल D

(4) A, B और C

**70. रेटिंग स्केल में कौन सी तकनीक का उपयोग होता है ?**

(1) जाँच सूची

(2) अधिविन्यास

(3) लिखित प्रश्न

(4) अवलोकन

**71. निम्नलिखित में से कौन पर्यावरण अध्ययन का उद्देश्य नहीं है ?**

(1) बच्चे को स्वयं अपने हाथ से कार्य करने और खोजने की क्रियाकलापों से जोड़ना ।

(2) बच्चों को पाठ्यपुस्तक की परिभाषाएँ प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करना ।

(3) बच्चों की जिज्ञासा और सृजनात्मकता का पोषण करना ।

(4) परिवेशीय मुद्दों पर जागरूकता का विकास करना ।

72. In a hilly area it was observed that the people have built their houses using stones, mud, lime and wood. These houses have two floors. On the ground floor they provide space for animals to live and also store necessary things, on the first floor they stay. The roofs of the houses are flat and made of thick tree trunks. This hilly area is a part of

(1) Himachal Pradesh

(2) Jammu and Kashmir

(3) Arunachal Pradesh

(4) Meghalaya

73. Consider the following statements about the practices followed under "Jhoom farming" :

A. After obtaining one set of crops the land is left as it is for some years.

B. The bamboo or weeds which grow on the land are pulled out and burnt.

C. The ash obtained on burning the weeds etc. is used as fertilizer.

D. When the land is ready for farming it is deeply ploughed before dropping the seeds.

The correct statement(s) is/are

(1) B and C

(2) A and D

(3) only A

(4) only D

72. किसी पर्वतीय क्षेत्र में प्रेक्षण करने पर यह पाया गया कि लोगों ने अपने घर पत्थर, मिट्टी, लकड़ी और चूने से बनाए हैं। यह घर दो मंजिले हैं। नीचे की मंजिल पर जानवरों को रखते है तथा जरूरत का सामान भी इकट्ठा करके रखते हैं। वह स्वयं पहली मंजिल पर रहते हैं। सभी घरों की छतें समतल हैं तथा इन्हें पेड़ों के मोटे तनों से बनाया गया है। यह पर्वतीय क्षेत्र नीचे दिए गए किस प्रदेश का भाग है ?

(1) हिमाचल प्रदेश

(2) जम्मू और कश्मीर

(3) अरुणाचल प्रदेश

(4) मेघालय

73. झूम खेती में अपनायी जाने वाली पद्धति के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

A. एक फसल प्राप्त करने (कटने) के बाद जमीन को कुछ साल तक ऐसे ही छोड़ देते हैं।

B. इस जगह जो बांस या खरपतवार (जंगल) उग आता है उसे उखाड़कर जला देते हैं।

C. खरपतवार (जंगल) आदि को जलाने पर प्राप्त राख को खाद की तरह काम में लाते हैं।

D. जब इस जमीन में खेती की बारी आती है, तो बीज छिड़कने से पहले इसे गहरा जोता जाता है।

सही कथन है / हैं

(1) B और C

(2) A और D

(3) केवल A

(4) केवल D

**74. Earthworms are considered friends of the farmers. Select from the following the correct reasons for the same :**

**A. Earthworms eat the dead leaves and plants and their droppings fertilise the soil.**

**B. Earthworms eat the weeds and save the main crop.**

**C. Earthworms soften the soil by digging underneath.**

**D. The tunnels made by the earthworms provide easy passage to air and water into the soil.**

(1) C, D and A
(2) A and C only
(3) A, B and C
(4) B, C and D

**75. Tribal people have been using bronze to make many things since thousand of years. Bronze is still used in our houses. Select from the following the most correct statement about bronze.**

(1) It is a mixture of copper, zinc and aluminium.
(2) It is a mixture of copper and tin.
(3) It is an element like aluminium and copper.
(4) It is a mixture of copper and brass.

**76. Boiled tapioca with any curry made using coconut is a preferred food of the people of**

(1) Bihar
(2) Tamil Nadu
(3) Kerala
(4) West Bengal

**77. It is believed that the animals that are awake at night can see objects only in**

(1) orange and red
(2) black and white
(3) violet and blue
(4) green and yellow

**74. केंचुओं को किसानों का मित्र माना जाता है । इसके लिए निम्नलिखित में से सही कारणों को चुनिए :**

**A.** केंचुए मृत पत्तियों और पौधों को खाते हैं तथा इनके मल से जमीन उपजाऊ बनती है ।

**B.** केंचुए खरपतवार खाते हैं जिससे मुख्य फसल की रक्षा होती है ।

**C.** केंचुए जमीन में छेद बनाते हैं जिससे जमीन पोली हो जाती है ।

**D.** केंचुओं द्वारा बनाए गए छेदों से जमीन को आसानी से हवा और पानी मिल जाता है ।

(1) C, D और A
(2) केवल A और C
(3) A, B और C
(4) B, C और D

**75. आदिवासी हज़ारों साल पहले से कांसे (ब्रांज) की चीज़ें बनाते आए हैं । आज भी हमारे घरों में कांसे का उपयोग होता है । काँसे के विषय में निम्नलिखित में से सबसे सही कथन चुनिए :**

(1) यह ताँबे (कॉपर), जस्ता (जिंक) तथा ऐलुमिनियम का मिश्रण है ।
(2) यह ताँबे (कॉपर) और टिन का मिश्रण है ।
(3) यह ऐलुमिनियम और ताँबे (कॉपर) की भाँति एक तत्त्व हैं ।
(4) यह पीतल (ब्रास) और ताँबे (कॉपर) का मिश्रण है ।

**76. नारियल डली हुई किसी भी करी के साथ उबला हुआ टैपिओका निम्नलिखित में से किस क्षेत्र का प्रिय भोजन है ?**

(1) बिहार
(2) तमिलनाडु
(3) केरल
(4) पश्चिम बंगाल

**77. आमतौर पर यह माना जाता है कि रात में जागने वाले जानवर हर चीज़ को जिस रंग में देखते हैं, वे रंग हैं**

(1) नारंगी और लाल
(2) काला और सफेद
(3) बैंगनी और नीला
(4) हरा और पीला

78. Which one of the following groups of states has a coast on Arabian sea ?

(1) Kerala, Karnataka, West Bengal

(2) Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Karnataka

(3) Karnataka, Kerala, Gujarat

(4) Andhra Pradesh, Telangana, Odisha

79. Where is Jharkhand located on the map of our country ?

(1) North of Odisha

(2) South-East of Chhattisgarh

(3) West of Uttar Pradesh

(4) East of West Bengal

80. Which of the following is NOT obtained from petroleum ?

(1) Grease

(2) Coal

(3) Diesel

(4) Wax

81. Select from the following a set of festivals celebrated on the full-moon day.

(1) Holi, Rakshabandhan, Guru Nanak's Birthday

(2) Diwali, Mahashivratri, Guru Nanak's Birthday

(3) Diwali, Guru Nanak's Birthday, Rakshabandhan

(4) Holi, Mahashivratri, Buddhajayanti

78. निम्नलिखित राज्यों के समूहों में से किस एक समूह के समुद्रतट अरब सागर पर हैं ?

(1) केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल

(2) तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक

(3) कर्नाटक, केरल, गुजरात

(4) आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा

79. हमारे देश के मानचित्र में झारखण्ड कहाँ स्थित है ?

(1) ओडिशा के उत्तर में

(2) छत्तीसगढ़ के दक्षिण-पूर्व में

(3) उत्तर प्रदेश के पश्चिम में

(4) पश्चिम बंगाल के पूर्व में

80. निम्नलिखित में से क्या 'पेट्रोलियम' से प्राप्त नहीं होता ?

(1) ग्रीस

(2) कोयला

(3) डीज़ल

(4) मोम

81. निम्नलिखित में से त्योहारों के उस समूह को चुनिए जिन्हें पूर्णिमा को मनाया जाता है :

(1) होली, रक्षाबन्धन, गुरुनानक जन्म दिवस

(2) दिवाली, महाशिवरात्रि, गुरुनानक जन्म दिवस

(3) दिवाली, गुरुनानक जन्म दिवस, रक्षाबन्धन

(4) होली, महाशिवरात्रि, बुद्ध जयन्ती

82. In one of the forests of our country the village council (Panchayat) allots the land to the forest people (Adivasis) for farming in a special unit called 'tin'. What is tin ?

(1) A land from which a farmer produces one tin of seeds

(2) A unit of land specially designed for the farmers of the forests.

(3) A land with dimensions 100 m × 100 m

(4) A land on which a farmer grows one tin of seeds

82. हमारे देश के एक जंगल में उस जंगल के लोगों (आदिवासी) को खेती के लिए जमीन ग्राम सभा (पंचायत) द्वारा एक विशेष मात्रक (यूनिट अथवा इकाई) में जिसे 'टिन' कहते हैं, आबंटित की जाती है । टिन क्या है ?

(1) वह भूमि जिससे कोई किसान एक टिन बीज उत्पन्न करता है ।

(2) यह भूमि का मात्रक है जिसकी अभिकल्पना विशेष रूप से जंगलों के किसानों के लिए की गयी है ।

(3) वह भूमि जिसकी विमाएँ 100 m × 100 m हैं ।

(4) वह भूमि जिस पर कोई किसान एक टिन बीज बोता है ।

83. You are located at X and your school is located at Y. There is no straight path from your house to school. So, you first go to A which is 30 m due north of X, then go to B which is 40 m due west of A, then go to C which is 30 m due north of B and finally you reach your school at Y which is 40 m due west of C. With respect to your school the correct direction of your house is

(1) Due East

(2) South-East

(3) North-West

(4) Due South

83. आप X पर स्थित हैं और आपका विद्यालय Y पर स्थित है । आपके घर से आपके विद्यालय तक जाने के लिए कोई सीधी सड़क नहीं है । अत: आप पहले A पर जाते हैं जो X के ठीक उत्तर में 30 m दूरी पर है, फिर आप B पर जाते हैं जो A के ठीक पश्चिम में 40 m दूरी पर है, फिर आप C पर जाते हैं जो B के ठीक उत्तर में 30 m दूरी पर है और अन्त में आप Y पर अपने विद्यालय पहुँचते हैं, जो C के ठीक पश्चिम में 40 m दूरी पर है । विद्यालय के सापेक्ष आपके घर की सही दिशा क्या है ?

(1) ठीक पूर्व

(2) दक्षिण-पूर्व

(3) उत्तर-पश्चिम

(4) ठीक दक्षिण

84. A boy boarded a train on 30th June, 2019 at Madgaon for Nagarcoil. The train departed at 09:45 hours from Madgaon and reached Nagarcoil at 07:15 hours on the next day. If the distance covered by the train during this time interval is 1140 km, the average speed of the train was

(1) 54.5 km/h

(2) 57 km/h

(3) 51.5 km/h

(4) 53 km/h

84. कोई लड़का मड़गाँव से 30 जून 2019 को किसी रेलगाड़ी में सवार हुआ । यह रेलगाड़ी 09.45 बजे मड़गाँव से चली तथा अगले दिन 07.15 बजे नगरकोइल पहुँची । यदि इस समय अन्तराल में रेलगाड़ी द्वारा तय की गयी दूरी 1140 km है, तो रेलगाड़ी की औसत चाल क्या थी ?

(1) 54.5 km/h

(2) 57 km/h

(3) 51.5 km/h

(4) 53 km/h

85. In EVS concepts and issues have not been compartmentalized into science and social science. Why ?

(1) It is a good teaching-learning strategy.

(2) It is for decreasing the syllabus load.

(3) Syllabus of EVS has been prescribed as such by CBSE.

(4) The child looks at her/his environment in holistic manner.

86. In which one of the following cities the mountains of sand called "Sand Dunes" are found ?

(1) Berlin

(2) Thimpu

(3) Kabul

(4) Abu Dhabi

87. We all observe old wells which have dried up. Our elders say that about 25-30 years ago there was sufficient water in the wells, but now these have completely dried up. Select from the following the possible correct reasons for drying up of water in the wells.

A. The lakes (ponds) in which rain water used to collect are no longer there.

B. The soil around the trees, well and nearby area is now covered with coaltar/cement.

C. No one uses wells as there are taps in every house.

D. A number of electric motor driven pumps have come up to draw underground water.

(1) C, D and A

(2) A, B and D

(3) A, B and C

(4) B, C and D

85. पर्यावरण अध्ययन में संकल्पनाओं और मुद्दों को विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के रूप में नहीं रखा गया है । क्यों ?

(1) यह शिक्षण–अधिगम की एक अच्छी युक्ति है ।

(2) यह पाठ्यक्रम के भार को कम करने के लिए है ।

(3) सी.बी.एस.ई. के द्वारा पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम को इसी प्रकार से निर्धारित किया है ।

(4) इस आयु वर्ग के बच्चे अपने परिवेश को समग्र रूप में देखते हैं ।

86. नीचे दिए गए शहरों में से किस एक में रेत के पहाड़, जिन्हें 'रेत के टीले' कहा जाता है, पाए जाते हैं ?

(1) बर्लिन

(2) थिम्पू

(3) काबूल

(4) आबू धाबी

87. हम सभी पुराने कुओं को देखते हैं जो अब सूख गए हैं । हमारे बड़े यह कहते हैं कि अब से लगभग 25-30 साल पहले इन कुओं में काफी पानी था, परन्तु अब ये पूरी तरह सूख गए हैं । निम्नलिखित में से कुओं के सूखने के संभावित सही कारणों को चुनिए :

A. जिन झीलों (तालाबों) में वर्षा का पानी इकट्ठा होता था अब वहाँ नहीं हैं ।

B. पेड़ों, कुओं और आस-पास के क्षेत्रों की जमीन अब कोलतार / सीमेंट से ढक गयी है ।

C. कुओं का कोई उपयोग नहीं करता क्योंकि हर घर में टोंटियाँ लगी हैं ।

D. भूमिगत पानी को खींचने के लिए कई विद्युत मोटर चालित पम्प लग गए हैं ।

(1) C, D और A

(2) A, B और D

(3) A, B और C

(4) B, C और D

88. **Which one of the following is not one of the six broad themes of EVS in the present syllabus ?**

(1) Things we make and do.

(2) Work and play

(3) Food

(4) Shelter

89. **Which of the following is true w.r.t. EVS subject for classes I and II ?**

(1) EVS is a new subject introduced at the classes I to II.

(2) EVS as subject is not easy to understand at classes I and II.

(3) Issues and concerns related to EVS are transacted through language.

(4) Issues and concerns related to EVS are transacted through language and mathematics.

90. **In EVS themes have been proposed instead of topics in the syllabus. Why ?**

(1) For developing connected and interrelated understanding of issues of the learners' local environment.

(2) Theme based EVS transaction is easy as compared to the topics.

(3) For reducing chapters in EVS.

(4) To enhance the environmental comprehension of the learners.

88. **निम्नलिखित में से कौन सा वर्तमान पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम के छ: मुख्य थीमों में से एक नहीं है ?**

(1) हम चीज़ें कैसे बनाते हैं ?

(2) काम और खेल

(3) भोजन

(4) आवास

89. **निम्नलिखित में से कक्षा I और II के लिए पर्यावरण अध्ययन विषय के संदर्भ में सच है :**

(1) कक्षा I और II में पर्यावरण अध्ययन को एक नए विषय के रूप में प्रस्तुत किया गया है ।

(2) कक्षा I और II में एक विषय के रूप पर्यावरण अध्ययन समझने के लिए आसान नहीं है ।

(3) पर्यावरण अध्ययन से संबंधित मुद्दों और संबंधों का संपादन भाषा के द्वारा होता है ।

(4) पर्यावरण अध्ययन से संबंधित मुद्दों और संबंधों का संपादन भाषा और गणित के माध्यम से होता है ।

90. **पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम में उपविषयों के स्थान पर थीम को प्रस्तावित किया गया है । क्यों ?**

(1) बच्चों के स्थानीय परिवेश के मुद्दों से जुड़े हुए और अंत: संबंधित समझ के विकास के लिए ।

(2) उपविषयों की तुलना में थीम आधारित पर्यावरण अध्ययन का संपादन आसान है ।

(3) पर्यावरण अध्ययन में पाठों को कम करने के लिए ।

(4) बच्चों के परिवेशीय बोध में वृद्धि करने के लिए ।

# PART – IV
# LANGUAGE – I
# ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow. (91 to 99) :**

The future of water will be a gamble – resting entirely on the way we decide to play the game here. Either we continue to use water irresponsibly, threatening the very existence of this planet, or we adopt sustainable and smart water management practices to build a water secure future.

By 2050, India's total water demand will increase by 32 percent from now. Industrial and domestic sectors will account for 85 percent of the additional demand. Over-exploitation of ground-water, failure to recharge acquifers and reduction in catchment capacities due to uncontrolled urbanisation are all causes of the precarious tilt in the water balance.

If the present rate of groundwater persists, India will have only 22 percent of the present daily per capita water available in 2050, possibly forcing the country to import its water.

Optimists believe that India's people some 1.7 billion by 2050, will have integrated water efficient practices into their daily lives. If the ambitious water sustainability goals set by global industries and governments are testament we dare say that the world has begun to recognize water as a resource after all.

While beverages giants are focussed on returning water to the communities where they manufacture their drinks, food processing players are engaging with farmers and upstream actors to minimise water usage across the supply claim and textile houses are evangelising the concept of sustainable fashion. Companies have realised the risks emanating from the possibility of a water-scarce future. This has triggered companies to re-engineer processes, implement water optimizing, technologies, establish water audit standards, and use a collaborative approach to deal with the water crisis.

91. Which one of the following words is most opposite to the meaning of the word 'increase' as used in the passage ?
    (1) achieve
    (2) relieve
    (3) decrease
    (4) perceive

92. Identify the clause in the underlined part of the following sentence :

    He breathed his last in the village <u>where he was born</u>.
    (1) Adverb clause
    (2) Principal clause
    (3) Noun clause
    (4) Adjective clause

**93. What part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**I do not know <u>why</u> he is so curious about it.**

(1) Principal clause

(2) Adverb clause

(3) Adjective clause

(4) Noun clause

**94. We will face a severe water-scarcity problem in future mostly because :**

(1) by 2050, demand for water will increase considerably.

(2) we do not use water responsibly.

(3) ground-water level water is steadily decreasing.

(4) water is not a renewable source.

**95. Which of the following will <u>NOT</u> lead to a severe water imbalance ?**

(1) failure to recharge acquifers.

(2) uncontrolled urbanisation

(3) flawless water infrastructure.

(4) over-exploitation of water.

**96. Persistent ground water depletion will NOT necessitate :**

(1) adoption of smart water management technologies

(2) using water judiciously

(3) import of water

(4) shutting down of industries

**97. Optimists cannot pin their hope for better water management on :**

(1) discovering new ways of augmenting water supply.

(2) treating sea water for domestic and industrial sectors.

(3) integrating water efficient practices into daily use

(4) reducing demand for water by using new technologies.

**98. The problem of acute water scarcity in future cannot be dealt with by companies through**

(1) discovering a viable substitute for water.

(2) re-engineering processes.

(3) establishing water audit standards.

(4) implementing water optimizing technologies

**99. Which one of the following words is most similar in meaning to the word 'threatening' as used in the passage ?**

(1) coercing

(2) persisting

(3) frightening

(4) menacing

**Directions : Read the extract given below and answer the questions that follow (Q. Nos. 100 to 105) by selecting the correct/most appropriate options :**

**All creation drinks with pleasure,**
**Drinks at Mother Nature's breast;**
**All the just, and all the evil,**
**Follow down her rosy path.**
**Kisses she bestowed, and grape wine,**
**Friendship true, proved e'en in death;**
**Every worm knows nature's pleasure,**
**Every cherub meets his God.**
**Gladly, like the planets flying**
**True to heaven's mighty plan,**
**Brothers, run your course now,**
**Happy as a knight in victory.**

**100. Identify and name the figure of speech used in "All creation 'Drinks at Mother Nature's breast'".**

(1) Personification

(2) Alliteration

(3) Metonymy

(4) Simile

**101. What does the expression, "Brothers, run your course now' mean ?**

(1) Seek god's help when you are in difficulty.

(2) Cultivate a positive attitude to life.

(3) Keep on moving towards your goal.

(4) Don't let failures upset you.

**102. How can we say that God's creatures are most fortunate and happy ?**

(1) They do not have enough pleasures at their disposal.

(2) They have a benevolent Mother Nature to look after them.

(3) The world they live in lacks romance and beauty.

(4) They have no friends to share their joys and sorrows.

**103. Which of the following does not support the idea that Mother Nature's love embraces all ?**

(1) She loves all the just but not all the evil.

(2) She also blesses us with true friendship.

(3) All creation drinks at Mother Nature's heart.

(4) She bestows kisses on all her children.

**104. What is the hallmark of a true friend ?**

(1) He proves true even in death.

(2) He can take on all the evils for you.

(3) He saves you from troubles.

(4) He helps you to enjoy the fruits of nature.

**105. Rosy path is followed by ________.**

(1) both just and evil

(2) neither the just nor the evil

(3) the just

(4) the evil

**Answer the following questions (Q Nos. 106 to 120) by selecting the most appropriate option out of the given options.**

**106. Which one of the following is a correct statement about a textbook ?**

(1) It helps to achieve the objectives laid down in the curriculum.

(2) The textbooks are the only source to read.

(3) It is planning of educational activities for the session.

(4) A textbook is the final thing for the teacher.

**107. The purpose of diagnostic test in language learning is to**

(1) plan and prepare question paper for summative assessment.

(2) know the gaps in learners understanding.

(3) give feedback to the parents in the PTMs.

(4) fill the progress report of students.

**108. The purpose of Continuous Comprehensive Evaluation (CCE) in language is :**

(1) to give regular tests i.e. weekly tests.

(2) to assess the level of competencies achieved by the children.

(3) to assess the students' understanding of the textbook.

(4) to assess their learning gaps.

**109. Under which act did English get the status of the associate official language ?**

(1) Three Language Formula

(2) National Curriculum Framework

(3) Official Language Act, Article-343

(4) Associate Official Language Act, Article-343

**110. A teacher is appreciating a child for his 'overall language use', though some of the words were misspelt by him. The teacher is using ______ approach in her class.**

(1) Constructivist

(2) Whole language

(3) Structural

(4) Communicative

**111. Which approach lays a lot of emphasis on habit formation ?**

(1) Behaviouristic approach

(2) Eclectic approach

(3) Cognitive approach

(4) Communicative approach

**112. In the context of 'theory of multiple intelligence' which one of the following intelligences is related to language ?**

(1) Linguistic-Verbal Intelligence

(2) Vocabulary Grammar Intelligence

(3) Visual-Spatial Intelligence

(4) Fluency-Accuracy Intelligence

**113. Banishing mother tongue in the classroom is the characteristic feature of ________ method.**

(1) Grammar translation

(2) Natural

(3) Direct

(4) Bi-lingual

114. ________ deals with the level of meaning in language.

(1) Collocation

(2) Colloquial

(3) Syntax

(4) Semantics

115. A Hindi speaking teacher gets posted in a primary school which is in the area of Punjab. Since he doesn't know the local language of that area. He should :

(1) communicate in English as it is difficult for him to understand their local dialect.

(2) use the child's language as a resource and start teaching.

(3) apply for the transfer to a Hindi speaking area.

(4) motivate the community to learn Hindi, as it's a national / official language.

116. While designing a working activity for a language class a teacher should most importantly focus on :

(1) providing all the necessary vocabulary required for the task.

(2) assigning an authentic piece of writing task.

(3) choosing a topic from their surroundings.

(4) giving clear instructions for the task.

117. Some children do not have exposure to English outside the classroom. So, the teacher's proficiency in spoken English is essential because :

(1) the students may listen to and process the new language before they actually communicate in it.

(2) students can imitate, practise and drill the statements or sentences used by the teacher.

(3) the teacher can give more time to grammar drills.

(4) the teacher can edit the errors in student's learning process.

118. Which of the following classroom practices helps a teacher to develop oral language among the students ?

(1) Participating in role-plays on any one of their favourite scenes.

(2) Practising the correct pronunciation of new or unfamiliar words.

(3) Chorus reading of the text with the teacher.

(4) Chorus recitation/individual recitation of the poem after memorising it.

119. In a constructivist classroom language learning would most importantly be based on :

(1) correction of spelling errors and making sure that they are not repeated.

(2) carefully completing the language syllabus.

(3) group discussion and peer interaction.

(4) minute observation and record of each child's handwriting development.

120. As a language teacher which one of the following is most important for you regarding teaching of grammar ?

(1) Using functional approach.

(2) Using grammar translation method.

(3) Memorising grammar rules.

(4) Avoiding grammar rules.

# भाग – IV
## भाषा – I
## हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी भाग – IV (प्र.सं. 91 से 120) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा – I का विकल्प हिन्दी चुना हो ।

**निर्देश –** नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (91 से 99 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :

मानव के मर्मस्थल में परोपकार और त्याग जैसे सद्गुणों की जागृति तभी हो पाती है, जब वह अपने तुच्छ भौतिक जीवन को नगण्य समझकर उत्साह-उमंग के साथ दूसरों की सेवा-सुश्रूषा तथा सत्कार करता है। यह कठोर सत्य है कि हम भौतिक रूप में इस संसार में सीमित अवधि तक ही रहेंगे । हमारी मृत्यु के बाद हमारे निकट संबंधी, मित्र, बंधु-बांधव जीवन भर हमारे लिए शोकाकुल और प्रेमाकुल भी नहीं रहेंगे । दुख मिश्रित इस निर्बल भावना पर विजय पाने के लिए तब हमारे अंतर्मन में एक विचार उठता है कि क्यों न हम अपने सत्कर्मों और सद्गुणों का प्रकाश फैलाकर सदा-सदा के लिए अमर हो जाएँ ।

सेवक-प्रवृत्ति अपनाकर हम ऐसा अवश्य कर सकते हैं । अपने निःस्वार्थ व्यक्तित्व और परहित कर्मों के बल पर हम हमेशा के लिए मानवीय जीवन हेतु उत्प्रेरणा बन सकते हैं । अनुपम मनुष्य जीवन को सद्गति प्रदान करने के लिए यह विचार नया नहीं है । ऐसे विचार सज्जन मनुष्यों के अंतर्मन में सदा उठते रहे हैं तथा इन्हें अपनाकर वे दुनिया में अमर भी हो गए । इस धरा पर स्थायी रूप में नहीं रहने पर भी ऐसे परहितकारी कालांतर तक पूजे जाते रहेंगे । अमूल्य मनुष्य जीवन की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा यही है । यही सीखकर मनुष्य का जीवन आनंदमय और समृद्धिशाली हो सकता है ।

यदि इस प्रकार मानव जीवन उन्नत होता है तो यह संपूर्ण संसार स्वर्गिक विस्तार ग्रहण कर लेगा । किसी भी मानव को आध्यात्मिकता का जो अंतिम ज्ञान मिलेगा, वह भी यही शिक्षा देगा कि धर्म-कर्म का उद्देश्य सत्कर्मों और सद्गुणों की ज्योति फैलाना ही है ।

**91. 'निःस्वार्थ' शब्द का उपयुक्त विपरीतार्थी शब्द है**

(1) परार्थी

(2) परोपकारी

(3) निःस्वार्थी

(4) स्वार्थी

**92. पाठांश में प्रयुक्त 'आध्यात्मिकता' शब्द किन उपसर्ग-प्रत्ययों से बना है ?**

(1) आध्य क, ता

(2) आ इ, कता

(3) अधि इक, ता

(4) आधि इक, ता

93. ऐसे परोपकारी लोग सदा पूजे जाते रहेंगे, जो –

(1) धरती पर स्थायी रूप से नहीं रहे ।

(2) आनंदमय जीवन जीते रहे ।

(3) अमूल्य मानव जीवन में श्रेष्ठ शिक्षक रहे ।

(4) सेवक वृत्ति अपनाकर परहित करते रहे ।

94. 'कठोर सत्य' किसे कहा गया है ?

(1) भौतिक शरीर की नश्वरता

(2) भावनाओं पर नियंत्रण न कर पाना

(3) निकट संबंधियों का अस्थायी प्रेम

(4) भौतिक संसार की तुच्छता

95. निर्बल भावनाओं पर विजय पाने के लिए क्या किए जाने की आवश्यकता बताई गई है ?

(1) सदा-सदा के लिए अमर हो जाना

(2) विजय पाने के लिए योजना बनाना

(3) ऐसी भावनाओं को मन में न आने देना

(4) अच्छे कर्मों से नाम अमर कर लेना

96. हमारा जीवन सदा प्रेरणा बन सकता है, यदि हम

(1) परसेवा के लिए सबको प्रेरित करें ।

(2) सेवक प्रवृत्ति का प्रचार-प्रसार करें ।

(3) परहित और परोपकार करें ।

(4) निःस्वार्थ भाव से परोपकार करें ।

97. धर्म के आचरण का उद्देश्य है

(1) आध्यात्मिकता की शिक्षा प्रदान करना

(2) अच्छे कर्मों और गुणों का प्रकाश फैलाना

(3) कर्म पर आस्था रखना

(4) अपने धर्म का प्रचार-प्रसार करना

98. "ऐसे विचार (क) सज्जन मनुष्यों के (ख) अंतर्मन में (ग) सदा उठते रहे हैं ।" (घ)

अनुच्छेद में प्रयुक्त उपर्युक्त अशुद्ध वाक्य को चार भागों में बाँट दिया गया है, जिनमें एक भाग पहचानिए जिसमें अशुद्धि हो ।

(1) (ग)

(2) (घ)

(3) (क)

(4) (ख)

99. शेष शब्दों से भिन्न शब्द पहचानिए :

(1) सत्कर्म

(2) सत्यवादी

(3) सद्गुण

(4) सद्गति

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न 100 से 105 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :

विविध प्रांत हैं अपनी-अपनी भाषा के अभिमानी हम,
पर इन सबसे पहले दुनियावालो हिन्दुस्तानी हम ।
रहन-सहन में, खान-पान में, भिन्न भले ही हों कितने,
इस मिट्टी को देते आए, मिल-जुलकर क़ुरबानी हम ।

सदियों से कुचले लाखों तूफ़ान हमने पद तल से,
आज झुके कुछ टकराकर तो कल लगते फिर जागे से ।
अंडमन से कश्मीर भले ही दूर दिखाई दे कितना,
पर हर प्रांत जुड़ा है अपना अगणित कोमल धागों से ।

जिस ओर बढ़ाए पग हमने, हो गई उधर भू नव मंगल ।
आज़ाद वतन के बाशिंदे, हर चरण हमारा है बादल ।।

**100.** **हम भारतीय जिधर भी अपने कदम बढ़ाते हैं वहाँ**

(1) देश स्वतंत्र हो जाते हैं ।

(2) शुभ कार्य होते हैं ।

(3) क्रांति हो जाती है ।

(4) शांति हो जाती है ।

**101.** **'पैर' शब्द का समानार्थी नहीं है ?**

(1) पद

(2) चरण

(3) नव

(4) पग

**102.** **कविता के अनुसार विविधताओं के बीच भी हम एक हैं, क्योंकि सबसे पहले हम**

(1) वीर-बहादुर हैं ।

(2) स्वतंत्र हैं ।

(3) स्वाभिमानी हैं ।

(4) भारतीय हैं ।

**103.** **समास की दृष्टि से शेष से भिन्न पद है –**

(1) खान-पान

(2) मिलना-जुलना

(3) अपनी-अपनी

(4) रहन-सहन

**104.** **"सदियों से कुचले लाखों तूफ़ान हमने पद तल से" कथन में 'तूफ़ान' का भाव है –**

(1) आक्रमण

(2) लड़ाइयाँ

(3) आँधियाँ

(4) कठिनाइयाँ

**105.** **'अंडमन से कश्मीर' हैं भारत में**

(1) बलिदानी राज्य

(2) क्रांतिकारी राज्य

(3) निकटस्थ राज्य

(4) दूरस्थ राज्य

**निर्देश –** नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

106. प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए पाठ्य-पुस्तक के निर्माण में आप सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण किसे मानते हैं ?
   (1) भाषा की विभिन्न रंगतें
   (2) भाषा का विविध गद्य साहित्य
   (3) प्रसिद्ध लेखक
   (4) प्रसिद्ध रचनाएँ

107. बहुभाषिक कक्षा में मातृभाषा-प्रयोग को –
   (1) अधिक महत्त्व नहीं दिया जाना चाहिए ।
   (2) अनदेखा कर दिया जाना चाहिए ।
   (3) अस्वीकार किया जाना चाहिए ।
   (4) स्वीकार किया जाना चाहिए ।

108. भाषा सीखने-सिखाने में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –
   (1) भाषा का समृद्ध परिवेश
   (2) संचार माध्यमों का प्रयोग
   (3) अभिभावकों का साक्षर होना
   (4) भाषा-शिक्षक का भाषा-ज्ञान

109. भाषा-कौशल के संबंध में कौन सा कथन सही नहीं है ?
   (1) भाषा-कौशल एक क्रम में अर्जित नहीं किए जाते ।
   (2) भाषा-कौशल एक क्रम में ही अर्जित किए जाते हैं ।
   (3) भाषा-कौशल एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं ।
   (4) भाषा-कौशल एक-दूसरे से संबंधित होते हैं ।

110. बच्चों के भाषा-प्रयोग में होने वाली 'त्रुटियों' के संबंध में कौन सा कथन उचित नहीं है ?
   (1) त्रुटियाँ बच्चों की मदद का मार्ग तय करती हैं ।
   (2) त्रुटियों का अर्थ नहीं है – शिक्षक में कमी ।
   (3) त्रुटियाँ सीखने की प्रक्रिया का एक पड़ाव हैं ।
   (4) त्रुटियाँ का अर्थ है – भाषा-अज्ञानता ।

111. निम्न में से कौन सा प्रश्न बच्चों के भाषा-आकलन की दृष्टि से सर्वाधिक उपयोगी है ?
   (1) 'ईदगाह' कहानी में हामिद ने क्या खरीदा ?
   (2) 'ईदगाह' कहानी की मुख्य घटनाएँ बताइए ।
   (3) 'ईदगाह' कहानी के मुख्य पात्र का नाम बताइए ।
   (4) 'ईदगाह' कहानी को अपनी भाषा में सुनाइए ।

112. बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता –
   (1) बिल्कुल भी नहीं होती ।
   (2) जन्मजात होती है ।
   (3) अर्जित की जाती है ।
   (4) अनुकरणीय होती है ।

113. बच्चों के भाषा सीखने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है –

(1) बातचीत करना

(2) सुंदर लिखना

(3) मानक वर्तनी

(4) शुद्ध उच्चारण

114. प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने-सिखाने का अर्थ है –

(1) साहित्य की रचना

(2) आलंकारिक भाषा का प्रयोग

(3) वर्णमाला सीखना

(4) भाषा का प्रभावी प्रयोग

115. बच्चे सामाजिक अंत:क्रिया से भाषा सीखते हैं। यह विचार किसका है ?

(1) स्किनर का

(2) पावलॉव का

(3) वाइगोत्स्की का

(4) जीन पियाजे का

116. प्राथमिक स्तर के बच्चों के भाषा-विकास की दृष्टि से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है –

(1) बाल साहित्य

(2) पत्रिका

(3) पाठ्य-पुस्तक

(4) समाचार-पत्र

117. भाषा सीखने और भाषा अर्जित करने में मुख्य अंतर का आधार है –

(1) भाषा-आकलन

(2) साक्षरता

(3) पाठ्य सामग्री

(4) भाषा-परिवेश

118. प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा के आकलन में आप सर्वाधिक महत्व किसे देंगे ?

(1) प्रश्नावली

(2) पोर्टफोलियो

(3) लिखित परीक्षा

(4) जाँच सूची

119. पढ़ने की प्रक्रिया में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है –

(1) गति

(2) प्रवाह

(3) अक्षर-ज्ञान

(4) अर्थ

120. बच्चों को लिखना सिखाने में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है –

(1) वर्तनी की शुद्धता

(2) काव्यात्मक भाषा

(3) विचारों की अभिव्यक्ति

(4) सुंदर लेखन

# PART – V
## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. No. 121-150)**, if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. No. 121 to 128) by choosing the correct/most appropriate options :**

**On an ordinary workday, 27-year-old Pramila Bariki hikes up steep slopes across fields, through ankle-deep rivulets, often walking upto 14 kms. She gets a ride until the road is motorable, from which point she has to walk.**

**Her job ? She doles out healthcare advice to mothers and children in the remotest hamlets in the Araku valley of Andhra Pradesh.**

**Now heavily pregnant Pramila has had to slow down delegating tasks to Duridi, Neeraj, Sunita and others. It's they who now walk through forests and climb up moutains, visiting families to identify pregnant women and conduct basic tests for diabetes and anaemia and connect them with a primary health centre whenever necessary.**

**These young tribal women are all trained auxiliary nurses, part of an experimental health project in Araku that aims to end preventable deaths during childbirth or infancy.**

**The Araku valley is home to several nomadic tribes who live in small clusters of 70 to 150 homes situated in rugged and inaccessible terrain. Until a few years ago these communities were unaware of government healthcare policies. The death of a child or a woman during pregnancy or child birth was common and they were resigned to it.**

**Today 38 women like Pramila drawn from these tribes, have broken social and cultural barriers to train as nurses and provide medical care to 1179 hamlets across the Araku, Paderu and Chintapalli mandals. Since they are from these communities they have been able create trust in the families and neighbours about formal healthcare. As a result these remote villages have now had the first childbirth in hospital, the first delivery by a trained nurse and the first mother not to lose a child.**

**The nurses advise women on hygiene and nutrition and convince them to visit the nearest health centre for further check-ups.**

**121.** **Which one of the following words is opposite in meaning to 'trust' as used in the passage ?**

(1) disrupt

(2) dismantle

(3) disdain

(4) distrust

**122.** **He could not clear the exam because he didn't work hard.**

**Identify the clause in the underlined part of the sentence given above :**

(1) Noun clause

(2) Principal clause

(3) Adverb clause

(4) Adjective clause

**123.** **Which part of the following sentence contains an error ?**

The sudden rise (a) and fall of prices (b) make a business (c) very uncertain (d)

(1) (c)

(2) (d)

(3) (a)

(4) (b)

**124. The job of the auxiliary nurses is physically challenging because they :**

(1) have to walk through forests and up mountains to reach out to people.

(2) are not liked by the people whom they want to help.

(3) have to face opposition from the local traditional healers.

(4) are not paid any renumeration for their work.

**125. The health project launched in the tribal areas aims to :**

(1) provide nutrition to women and children

(2) provide employment alongwith education.

(3) prevent deaths during pregnancy and child birth.

(4) raise the living standard in the tribal areas.

**126. The tribal people trust the health workers mostly because they :**

(1) help them settle their domestic disputes.

(2) belong to their own community.

(3) help them get employment.

(4) are educated and soft-spoken.

**127. Read the following statements :**

**A. Child mortality rate in the tribal areas was very high in the past.**

**B. Pramila and her colleagues are rendering invaluable services to the tribal women.**

(1) Both A and B are false.

(2) Both A and B are true.

(3) A is true, B is false.

(4) B is true, A is false.

**128. Which one of the following words is similar in meaning to 'remotest' as used in the passage ?**

(1) highest

(2) tallest

(3) toughest

(4) farthest

**Directions : Read the following passage and answer the questions that follow (Q. No. 129 to 135) by choosing the correct/most appropriate options :**

**Kaizen in Japanese means constant and never ending improvement. There is no pursuit more noble or important than the pursuit of self-improvement. As Confucius said many years ago : "Good people strengthen themselves ceaselessly". Consistent and constant improvement in all areas is essential to reach your true potential. The personal trademark of almost every high achiever and successful person is a dedication to daily improvement in both their personal and professional lives. From Ben Franklin to Mahatma Gandhi, from Martin Luther King Jr. to Ivan Lendl and from Nelson Mandela to Mother Teresa, effective people do things daily to advance confidently in the direction of their goals and dreams.**

**You must also apply the Kaizen principle on a daily basis to condition your mind to peak performance. It has been said that the mind is a terrible master but a wonderful servant. By seeking to improve your mind and condition it to excellence of thought, this wonderful servant will most certainly bring you all the peace, prosperity and joy you now search for.**

**Study any person's great success story and you will undoubtedly learn of their commitment to Kaizen. They will be dedicated to small, daily improvements in the key areas of their lives and become the very best that they could be. Personal mastery is like a bank account, call it the Personal Excellence Account. By improving daily, whether it is by spending some time exercising, reading, visualizing or forging better relationships, you are making regular deposits into your account. After only one month, for example, you will have improved the richness and quality of your world by at least 30%.**

129. **Which word is the most similar in meaning to the word, 'trademark' used in the passage ?**

(1) subject

(2) brand

(3) item

(4) object

130. **Which word is the most opposite in meaning to the word, 'wonderful' as used in the passage ?**

(1) unremarkable

(2) insufficient

(3) separate

(4) deficient

131. **Which part of the following sentence contains an error ?**

Since time immemorial (a) the Hindus (b) have been worshipping (c) the river Ganga (d)

(1) (c)

(2) (d)

(3) (a)

(4) (b)

132. **How, according to the author, can we attain our full potential ?**

(1) by seeking the advice and guidance of successful people.

(2) by working hard on our weaknesses

(3) by putting in a lot of effort.

(4) by proper and ceaseless improvement in all areas.

133. **What is common among the great people mentioned in para-1 ?**

(1) They tried their best to realise their goals.

(2) They resisted every temptation.

(3) They inspired all those who came into contact with them.

(4) They worked hard to alleviate the suffering of the downtrodden.

134. **How do we stand to gain when we condition our minds to do our best ?**

(1) We are able to overcome all obstacles.

(2) We realise our full capability.

(3) We earn name, fame and wealth.

(4) We rise in the estimation of our friends.

135. **Read the following sentences :**

**A.** **All successful people are committed to Kaizen.**

**B.** **If we can control our mind, it will serve us wonderfully.**

(1) Both A and B are true.

(2) Both A and B are false.

(3) A is false and B is true.

(4) A is true and B is false.

**Answer the following questions (Q Nos. 136 to 150) by selecting the most appropriate options.**

**136. A teacher divides the class in small groups and asks them to discuss and present their views on "Save Environment". Students are free to plan and present their choice and creativity. The teacher is facilitating them as and when required. Which approach/method is followed in the class ?**

(1) Natural approach
(2) Deductive approach
(3) Constructivist approach
(4) Structural approach

**137. A teacher of class-IV brought some interesting books and distributed them among the students. Then she said, "Today let's have fun and read these books for our pleasure". This reading is called**

(1) Intensive-reading
(2) Extensive-reading
(3) Pre-reading
(4) Post-reading

**138. A 2½ year old child picks up his sibling's book and looking at the pictures tells a story. The child is**

(1) emergent reader
(2) emergent story writer
(3) emergent writer
(4) emergent student

**139. A teacher of class-III finds that some students understand the concept more clearly when she explains them orally. Their learning style is**

(1) kinesthetic
(2) aesthetic
(3) auditory
(4) visual

**140. A teacher asks the students to read the text for information and create their own interpretation beyond the literal level. Which sub-skill is she practicising in the class ?**

(1) Inferring
(2) Summarising
(3) Paraphrasing
(4) Predicting

**141. Story telling and listening to stories play an important role because stories**

(1) present language as a whole.
(2) help the teacher to maintain classroom discipline.
(3) help to teach and learn new and difficult words.
(4) use many structures of grammar and help children to learn them.

**142. Before starting a new chapter on 'The Honest Woodcutter' the teacher started a discussion with the students on 'Honesty'. What is the teacher trying to achieve with this activity ?**

(1) Activate students' previous knowledge
(2) Assess students' level of language and its usage.
(3) Activate students' attention.
(4) Activate students' skill.

**143. A child got admission to a new school. The teacher was surprised to see that she would speak four languages fluently but could not speak in English. She is a**

(1) multilingual
(2) linguist
(3) monolingual
(4) bilingual

**144. A student of class-V while reading a chapter finds some difficult and unfamiliar words and is not able to get the meaning of those words he should :**

(1) guess the meaning in content.

(2) ask his classmate every time to help.

(3) ask the teacher.

(4) ignore or skip the word and keep reading.

**145. A teacher of class-V wishes to teach a complex language structure from the syllabus. She should**

(1) focus on listening-speaking practice instead of teaching grammar.

(2) use a grammar game with a focus on this complex structure.

(3) ask students to memorise the rules.

(4) not teach the complex structure and avoid it.

**146. As per Noam Chomsky's theory, the role of Language Acquisition Device (LAD) helps children to**

(1) generate grammar rules.

(2) imitate the language spoken by adults.

(3) learn second language easily.

(4) communicate actively in second language.

**147. Which of the following statements is correct ?**

(1) As a teacher you would like to give a list of English words on the very first day.

(2) Children come to school with a treasure of experience and their mother tongue acts like a resource in learning English.

(3) Children's first language is a hurdle in learning English.

(4) It is difficult to teach English as they use their first language in every aspect and ignore English.

**148. The study of how words combine to form phrases, phrases combine to form clauses and clauses join to make sentences is known as**

(1) Collocation

(2) Colloquial

(3) Semantics

(4) Syntax

**149. English language has ________ consonant sounds.**

(1) 23

(2) 24

(3) 21

(4) 22

**150. According to National Curriculum Framework, 2005, "English in India is ________ in a multilingual country.**

(1) a global language

(2) an associate language

(3) a first language

(4) a foreign language

# भाग – V

## भाषा – II

## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी भाग – V (प्र.सं. 121 से 150) के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने भाषा – II का विकल्प हिन्दी चुना हो ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं. 121 से 128 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तरवाले विकल्प को चिह्नित कीजिए :**

सुप्रसिद्ध गीतकार गोपालदास 'नीरज' ने अपनी एक रचना में कहा है :

जैसा हो आघात रे वैसा बजे सितार
तेरी ही आवाज़ की प्रतिध्वनि है संसार ।

हम वाद्ययंत्रों पर जैसा आघात करते हैं वैसी ही ध्वनि उनसे निकलती है । यदि कठोरता से आघात करते हैं तो कठोर ध्वनि उत्पन्न होती है, लेकिन यदि कोमलता से आघात करते हैं तो कर्णप्रिय कोमल ध्वनि उत्पन्न होती है । यदि हम किसी वाद्ययंत्र को नियमपूर्वक ठीक से बजाते हैं तो सही राग उत्पन्न होता है, अन्यथा सही राग उत्पन्न होने का प्रश्न ही नहीं उठता । सही राग उत्पन्न न होने की स्थिति में गुणीजन हमारे गायन अथवा वादन की ओर आकर्षित ही नहीं होंगे । हमारे जीवन रूपी सितार की भी यही स्थिति होती है । यदि हम अनुशासन में रहते हुए प्रत्येक कार्य नियमानुसार करते हैं तो जीवन रूपी सितार से उत्पन्न होने वाला प्रत्येक राग रूपी कार्य हमें सार्थकता और आनंद ही प्रदान करेगा ।

इस संसार में हम जो कुछ सोचते, कहते अथवा करते हैं वही हमारे पास लौटकर आता है । न कम, न अधिक । जब हम किसी खंडहर अथवा वादी में कोई अच्छा शब्द या वाक्य बोलते हैं तो कुछ देर बाद वही अच्छा शब्द या वाक्य गूँजता हुआ हमें सुनाई पड़ता है और यदि हम कोई बुरा, अपमानजनक अथवा घृणास्पद शब्द या वाक्य बोलते हैं तो कुछ देर बाद वही बुरा, अपमानजनक अथवा घृणास्पद शब्द या वाक्य हमें सुनाई पड़ता है । यदि हम सुरीली आवाज निकालते हैं तो वैसी ही सुरीली आवाज लौटकर हमारे पास आती है, लेकिन यदि हम डरावनी आवाज निकालते हैं तो वैसी ही डरावनी आवाज लौटकर आती है । हम जैसा एक बार बोलते हैं वैसा ही कई बार सुनने को अभिशप्त होते हैं । पर यह बात अनुभव करते हुए भी इसका आशय हम समझते नहीं । चूँकि आवाज के लौटकर आने में थोड़ा वक्त लगता है, इसलिए हम उसे स्वतंत्र घटना मान लेते हैं । यह अहसास नहीं कर पाते कि हमारे ही किए हुए काज, हमारे ही सोचे हुए भाव अलग दिशा से हमारे पास आते दिख रहे हैं ।

**121. प्रत्यय की दृष्टि से उस शब्द को पहचानिए जो शेष शब्दों से भिन्न हो ।**

(1) सार्थकता

(2) कठोरता

(3) कोमलता

(4) निकलता

**122. 'यदि कोई अच्छा शब्द या वाक्य बोलते हैं तो...' की कर्मवाच्य में रचना होगी –**

(1) यदि कोई अच्छा शब्द या वाक्य बोलेंगे तो...

(2) यदि कोई अच्छा शब्द या वाक्य बोलते रहेंगे तो...

(3) यदि कोई अच्छा शब्द या वाक्य बोलें तो...

(4) यदि कोई अच्छा शब्द या वाक्य बोला जाए तो...

**123. 'घृणास्पद' का संधि–विच्छेद होगा**

(1) घृणा + आस्पद

(2) घृणा + पद

(3) घृणाः + पद

(4) घृणा + स्पद

124. कौन सा विशेषण गोपालदास 'नीरज' के लिए उपयुक्त नहीं है ?
(1) कवि
(2) गीतकार
(3) संगीतकार
(4) रचनाकार

125. एक ही वाद्ययंत्र से कोमल और कठोर ध्वनि निकलना किस पर निर्भर होता है ?
(1) हलके या तेज आघात पर
(2) वाद्ययंत्र पर
(3) बजाने वाले की कला पर
(4) श्रोता की रुचि पर

126. 'कर्णप्रिय' ध्वनि का आशय है
(1) कानों से प्रिय
(2) कानों पर प्रिय
(3) कानों में प्रिय
(4) कानों को प्रिय

127. जीवन के साथ सितार की तुलना किसलिए की गई है ?
(1) जीवन तो सुरीला ही होता है ।
(2) तुलना ही असंगत है ।
(3) जीवन सितार की भाँति संगीतमय होना चाहिए ।
(4) सितार बजाने की भाँति जीने का भी एक सलीका होता है ।

128. 'हम जैसा करते हैं वैसा पाते हैं' – यह समझाने के लिए लेखक ने किसका उदाहरण दिया है ?
(1) गूँज का
(2) अनुशासन का
(3) सितार का
(4) आघात का

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं. 129 से 135 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तरवाले विकल्प चुनिए :**

हमारा जीवन जिन मानवीय सिद्धांतों, अनुभवों और सांस्कृतिक संस्कारों के संबल से समस्त सृष्टि के लिए महत्वपूर्ण बना है, परोपकार की भावना उन्हीं में एक है । मानव को दूसरे मानव के प्रति वैसा ही संवेदनात्मक उत्तरदायित्व निभाना चाहिए, जैसे वह स्वयं के प्रति निभाता है । जीवन को केवल परोपकार, पर सेवा और नि:स्वार्थ प्रेम के लिए ही वास्तविक समझना चाहिए क्योंकि नश्वर शरीर जब नष्ट हो जाएगा तो उसके बाद हमारा कुछ भी इस दुनिया के जीवों की स्मृति में नहीं रहेगा । हम जग जीवों की स्मृति में सदा–सदा के लिए तभी बने रह सकते हैं, जब हम अपने नश्वर शरीर को वैचारिक, बौद्धिक और आत्मिक चेतना से पूर्ण कर नि:स्वार्थ भाव से स्वयं को जीव सेवा में समर्पित करेंगे ।

हमें स्थिरता से और शांतिपूर्वक यह विचार करते रहना चाहिए कि हमारे जीवन का सर्वश्रेष्ठ उद्देश्य और एकमात्र लक्ष्य हमारे द्वारा किया जाने वाला त्याग है । त्याग योग्य व्यक्तित्व प्राप्त करने के लिए गहन तप की आवश्यकता है । त्याग का भाव किसी मनुष्य में साधारण होते हुए नहीं जन्म लेता । इसके लिए मनुष्य को जीवन–जगत और इसके जीवों के संबंध में असाधारण वैचारिक रचनात्मकता अपनाकर निरंतर योग, ध्यान, तप व साधना करनी होगी । उसे इस स्थिति से विचरते हुए विशिष्ट आध्यात्मिक अनुभवों से लैस होना होगा । आवश्यकता होने पर उसे जीवों की वास्तविक सेवा करनी होगी । जब ऐसी विशेष मानवीय परिस्थितियाँ उत्पन्न होंगी, तब ही मानव में त्याग भाव आकार ग्रहण करेगा ।

129. 'आध्यात्मिक अनुभवों से <u>लैस</u>' होना होगा । रेखांकित शब्द का अर्थ है –

(1) रिक्त

(2) सतर्क

(3) सज्जित

(4) पूर्ण

130. 'आध्यात्मिक' शब्द का निर्माण किस उपसर्ग की सहायता से हुआ है ?

(1) आधि

(2) आध्य

(3) अ

(4) अधि

131. रचना की दृष्टि से शेष से भिन्न शब्द को अलग कीजिए :

(1) बौद्धिक

(2) वास्तविक

(3) मालिक

(4) वैचारिक

132. शरीर को 'नश्वर' कहा जाता है, क्योंकि वह

(1) नाशवान होता है ।

(2) छोटा होता है ।

(3) अत्यल्प होता है ।

(4) अल्पायु होता है ।

133. लोग हमें तभी याद रखेंगे जब हम –

(1) नि:स्वार्थ भाव से सेवा करेंगे ।

(2) वैचारिक उन्नति करेंगे ।

(3) नश्वर शरीर को त्याग देंगे ।

(4) वास्तविक ज्ञान अर्जित करेंगे ।

134. जीवन का श्रेष्ठ उद्‌देश्य किसे बताया गया है ?

(1) त्याग

(2) रचनात्मकता

(3) शिक्षा

(4) तप

135. त्याग के योग्य व्यक्तित्व प्राप्त करने के लिए आवश्यक है

(1) सर्वोच्च मानवीयता

(2) सद्‌गुणों की प्राप्ति

(3) असाधारण रचनात्मकता

(4) साधारण पात्रता

136. प्राथमिक स्तर पर भाषा कौशलों का विकास _____ ।

(1) संभव नहीं है

(2) कठिन है

(3) साधन है

(4) साध्य है

137. प्राथमिक स्तर पर बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति का विकास करने की दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण गतिविधि है

(1) कहानी सुनकर चित्र बनाना ।

(2) कहानी सुनकर शब्दशः लिखना ।

(3) कहानी सुनकर उसे अपनी भाषा में कहना ।

(4) कहानी को ज्यों का त्यों दोहराना ।

138. पहली कक्षा में पढ़ने वाली रोशनी लिखते समय अपनी मातृभाषा के शब्दों का प्रयोग करती है । भाषा शिक्षक के रूप में आप क्या करेंगे ?

(1) मातृभाषा वाले शब्दों का हिंदी अनुवाद लिख देंगे ।

(2) मातृभाषा वाले शब्दों को स्वीकार करेंगे ।

(3) रोशनी को समझाएँगे कि यह गलत है ।

(4) मातृभाषा वाले शब्दों पर लाल घेरा लगाएँगे ।

139. प्राथमिक स्तर पर बच्चों की सहज और स्वाभाविक मौखिक अभिव्यक्ति में सबसे कम महत्त्वपूर्ण है –

(1) बोलने में आत्मविश्वास

(2) मौलिक विचार

(3) स्पष्टता

(4) शुद्ध उच्चारण

140. प्राथमिक स्तर पर बच्चों का भाषा-विकास सर्वाधिक रूप से निर्भर करता है –

(1) भाषा की पाठ्य-पुस्तक पर

(2) समृद्ध भाषिक परिवेश पर

(3) भाषा की व्याकरणिक जानकारी पर

(4) भाषा के कठोर आकलन पर

141. _____ वाले बच्चों को मुख्यतः लिखने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।

(1) डिस्केलकुलिया

(2) अफ़ेज़िया

(3) डिस्लेक्सिया

(4) डिस्ग्राफ़िया

142. प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण का उद्देश्य है –

(1) दूसरे के विचारों को शब्दशः दोहराने मात्र की कुशलता का विकास ।

(2) पठन के द्वारा ज्ञानार्जन एवं आनंद प्राप्ति में समर्थ बनाना ।

(3) विभिन्न साहित्यिक विधाओं की रचनाओं और रचनाकारों के नाम याद करना ।

(4) विषय सामग्री के माध्यम से केवल कठिन शब्दों के अर्थ जानना ।

143. प्राथमिक स्तर की पाठ्य-पुस्तकों में विषय-वस्तु का फलक _____ हो जिसमें _____ के सरोकार झलकते हों।

(1) उच्च, समाज

(2) उच्च, विद्यालय

(3) विस्तृत, अभिभावकों

(4) विस्तृत, समाज

144. भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से भाषा और बोली में –

(1) आंशिक संबंध होता है।

(2) आंशिक संबंध नहीं होता।

(3) अंतर नहीं होता।

(4) अंतर होता है।

145. बहु-भाषिकता हमारी _____ भी है और हमारी सभ्यता व _____ का अभिन्न अंग भी।

(1) पहचान, संस्कृति

(2) समस्या, पहचान

(3) विडम्बना, संस्कृति

(4) चुनौती, संस्कृति

146. एक तीन साल के बच्चे से किसी भी ऐसे विषय पर अच्छी तरह से बातचीत की जा सकती है जो उसके _____ दायरे के अंदर आता हो।

(1) भौगोलिक

(2) विद्यालयी

(3) भावनात्मक

(4) संज्ञानात्मक

147. 'विश्व की सभी भाषाएँ थोड़े से फेरबदल से एक ही लिपि में लिखी जा सकती है।' यह कथन –

(1) पूर्णतः सत्य नहीं है।

(2) पूर्णतः सत्य है।

(3) भ्रामक है।

(4) आंशिक रूप से सत्य है।

148. भाषा में आकलन का अर्थ है –

(1) आलंकारिक भाषा के प्रयोग का आकलन

(2) साहित्यिक विधाओं की जानकारी का आकलन

(3) भाषा-व्याकरण का आकलन

(4) भाषा-प्रयोग की क्षमता का आकलन

149. बच्चों की लेखन क्षमता का आकलन करते समय आप सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण किसे मानते हैं ?

(1) विचार तत्त्व

(2) सुंदर लेखन

(3) व्याकरणिक ज्ञान

(4) शुद्ध वर्तनी

150. 'बच्चे अपनी जन्मजात भाषा अर्जन क्षमता के सहारे परिवेश में मौजूद भाषा अर्जित करते हैं।' यह कथन किसे महत्त्व नहीं देता ?

(1) भाषा-नियमों में परिवर्तन को

(2) भाषा-नियमों में विस्तार को

(3) भाषा-अनुकरण करने को

(4) समृद्ध भाषा परिवेश को